खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :41⁰C
न्यूनतम : 26⁰C


मुजफ्फरनगर, रविवार 24 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 126 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11



'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड

# ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब पिछले साल के मध्य से भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ मुद्दों को लेकर तनाव देखा गया था। माना जा रहा है कि इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के रिश्तों को फिर से मजबूत करना भी है।



■ दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

# लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

## NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाक के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद

■ 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था।

यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है। साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं।

# तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

■ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है।

दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले5 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे।










## संक्षिप्त समाचार

### उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना: योगी

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

### मायावती आज करेंगी चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ में पार्टी की बड़ी और विशेष बैठक को संबो. धित करेंगी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे बसपा राज्य कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें पार्टी संगठन की जमीनी और आर्थिक मजबूती तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने को लेकर पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों और पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन समीक्षा होगी।

## पीएम पर अभद्र टिप्पणी, अजय राय पर केस

**महोबा, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्ति. जनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ता नीरज रावत की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राय शुक्रवार को प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बिना महोबा पहुंचे और मुख्यालय स्थित सिंह वाहिनी नगर (समद नगर) में अपहरण एवं गैंगरेप की शिकार नीट छात्रा तथा उसके परि. जनों से मुलाकात की। तहरीर के अनुसार अजय राय के काफिले के कारण नगर की यातायात व्यवस्था



■ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, बिना सूचना निकाला था काफिला

प्रभावित हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित तौर पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सचिव ब्रजराज सिंह अहिरवार तथा 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2), 352, 196(1), 189(2) और 132 के तहत मुक. दमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अजय राय के कथित बयान को लेकर महोबा में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और मोदी समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि, विवाद बढ़ने पर अजय राय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को भाजपा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से तैयार किया गया बताते हुए इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश करार दिया।

## उप्र में बिजली कटौती राजनीतिक मुद्दा बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरम. राती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। दरअसल लखनऊ पूर्व से भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र इंदिरा नगर, मुंशीपुलिया, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, निशातगंज, कल्याणपुर, महानगर, विकास नगर और गोमती नगर समेत कई इलाकों में अघोषित



■ भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सियासी घमासान शुरू

■ विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने भी चरमराती बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

बिजली कटौती से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इससे पहले सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह और लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा भी अपने क्षेत्रों में बिजली संकट को लेकर मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री बने ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली तंत्र के कारण आपूर्ति बाधित होने पर चिंता जताई थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उत्तर प्रदेश बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर जिले में लम्बी बिजली कटौती की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि इटवा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है और तत्काल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भीषण गर्मी में कम आपूर्ति और कटौती से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और मेहनतकश लोगों का जीवन कष्टदाई हो गया है। उन्होंने सरकार से तत्काल सुधार और नए बिजलीघरों से आपूर्ति बढ़ाने की अपील की। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिजली की मांग और दाम तो बढ़ रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं बढ़ रही। उन्होंने सरकार की नई उत्पादन क्षमता को लेकर योजना पर सवाल उठाए।

### कई जिलों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया

## उप्र में लगा लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं



■ अधिक इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा

■ बिजली की किल्लत से यूपी के लोग परेशान

पानी और कोल्ड ड्रिंक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवाएं रात को भी सता रही है।

मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है। गर्मी और लू के चलते बीमा. रियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन,बुखार के थे।

### वेस्ट यूपी में 23 व 24 को पड़ेंगी बौछारें

मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए तेल मसाला युक्त भोजन, बासी भोजन,फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खाएं और खीरा, ककड़ी, पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

## डंपर ने एक परिवार के पांच सदस्यों को रौंदा, चार मरे

**बाराबंकी, वार्ता**

■ मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आंशिक (10) के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30
सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

## केंद्र सरकार को 286588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025.26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025.26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4. 5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024.25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972. 10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024.25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गई।

### भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव धन शोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निद. ेशालय (ईडी) ने भारतीय सहक. ारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यह मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से 'जमीन के इस्तेमाल में बदलाव' हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने जीएमएडीए और जमीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलो में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात



रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गई। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.25 रुपये और गुड़ 5040.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17896.53 रुपये, मूंगफली तेल 18984.22 रुपये, सूरजमुखी तेल 17532.65 रुपये, सोया तेल 14988.16 रुपये, पाम ऑयल 13573.90 रुपये और वनस्पति 15007.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधु. निक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकल. विहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

## तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये



■ कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

### कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाक. ात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

### सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवे. दनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

# नींद में उठे युवक की छत से गिरकर मौत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गालिबपुर में शुक्रवार रात एक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। घर की छत पर सो रहे युवक की अचानक नीचे गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम गालिबपुर निवासी 42 वर्षीय नेपाल पुत्र दयाचंद रोज की तरह रात में अपने मकान की छत पर सो रहा था। देर रात वह पेशाब करने के लिए उठा था। इसी दौरान उसे नींद की झपकी आ गई और संत. ुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे जा गिरा। तेज धमाके की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा मिला।

घायल नेपाल को आनन-फानन में निजी वाहन से खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान बताया कि उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। इलाज शुरू होने के कुछ समय बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और स्वभाव से बेहद मिलनसार व्यक्ति था। उसकी अचानक मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## कूलर का करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**मोरना।** कूलर में पानी डालते समय नोशाद अली को तेज करंट का झटका लगा। जिसके बाद वह बेहोश हो गया।अनान फानन में नोशाद को मुज़फ्फरनगर अस्पताल में ले जाया गया।जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नोशाद की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला तेलियान में 48 वर्षीय नौशाद अली शनिवार की दोपहर फैन कूलर में पानी डाल रहा था कि अचानक उसका पैर वायर पर पड़ गया। तेज विद्युत करंट का झटका लगने से वह बेहोश हो गया । आनन फानन में नौशाद को मुजफ्फरनगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नौशाद की अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है नौशाद दूध बेंचने का कार्य करता था वह अपने पीछे पत्नी अफसाना,सहित चार पुत्रियों शाज़िया, फरहीन,ज़ोया,निमरा व एक पुत्र साकिब को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुत्री शाज़िया की शादी हो चुकी है।मृतक के पिता अकरम मलिक सहित माता सईदा बेगम व भाई दिलशाद बहन शाहजहां,शाईस्ता, गुलिस्तां, शगुफ्ता,अमरीन का रोरो. कर बुरा हाल है। मृतक दूध विक्रेता था। वहीं कस्बे में एक सप्ताह में विद्युत करंट हादसे में यह दूसरी मौत है।बीते शुक्रवार की रात कस्बे के मोहल्ला हरिजन चौक निवासी विपिन पुत्र ओमपाल 18 वर्ष की उस समय मौत हो गयी थी जब वह शुक्रताल में लिंटर डालने का काम कर रहा था। कस्बे के गणमान्य व्यक्तियों ने नौशाद मलिक की मौत पर गहरा दुरूख प्रकट किया है।

# ठेले से दीवार में भिंचने से मासूम आहद की मौत

## घटना की सीसीटीवी फुटेज देखकर कांप उठे लोगों के दिल, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कस्बा मीरांपुर में खेलते समय एक दर्दनाक हादसे में मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के समय बच्चा कुछ अन्य बच्चों के साथ ठेले से खेल रहा था जहां अचानक ही बच्चा ठेले और दीवार के बीच बुरी तरह दब गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। जहां परिवार के लोग बच्चे को अस्पताल ले गये लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

कस्बा क्षेत्र के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी एक मासूम बच्चा अन्य बच्चों के साथ ठेले से खेल रहा था। बच्चा जैसे ही ठेले को पकडकर इधर-उधर चला तो ठेला अचानक ही अनियन्त्रि हो गया और बच्चा दीवार और ठेले के बीच दबकर उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना के समय मोके पर खेल रहे बच्चों में अफरा तफरी मच गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चे को उठाकर तुरन्त ही अस्पताल पहुंचाया। घायल बच्ची का नाम आहद है और डाक्टर ने इलाज के दौरान उसको मृतक घोषित कर दिया। इस पूरी घटना की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज है और यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। परिवार व मौहल्लेवासियों के उस वक्त दिल कांप उठे जब उन्होंने सीसीटीवी की फुटेज को बच्ची और दीवार के बीच घटना के समय तडपते हुए देखा। कुछ लोगों का कहना है कि जिस समय बच्चे को गोद में लिया गया तो उसी समय उसकी सांस थम चुकी थी। आहद की मौत से परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है। कुछ लोगों का कहना था कि परिवार के लोग मासूम बच्चों पर ध्यान ही नही देते, जिसके चलते वह कभी-कभी बडी घटना का शिक. ार हो जाते है, कई बच्चे करंट का शिकार हुए तो कई बच्चों ने पैसे व अन्य चीज गले में फांस ली।

# संदिग्ध परिस्थिति में ग्रामीण ने खाया जहर

## पुलिस को सूचना दिए बिना किया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेड़ी में शनिवार की दोपहर लगभग 50 वर्षीय एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

किसी की सूचना पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर देने से मामला जांच के दायरे में आ गया। जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के चंधेड़ी गांव निवासी सुधीर पुत्र ताहर सिंह शनिवार को किसी काम से बुढ़ाना गया था। बताया गया कि वहां किसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घर पहुंचने पर हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे लेकर तुरंत अस्पताल भागे जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से शव लेकर परिजन सीधे गांव आ गए और बुढ़ाना पुलिस को सूचना दिए बिना ही कुछ देर बाद अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना मिलने पर बुढ़ाना पुलिस गांव पहुंची और परिजनों व ग्रामीणों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दलित समाज से था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

उसकी एक पुत्री है जिसकी शादी हो चुकी है। सुधीर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही मान रही है। उधर परिजनों ने बिना पंचनामा और पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार कर दिया जिसको लेकर बुढ़ाना पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच करेगी ऐसा कुछ सुना जा रहा है।

# ई रिक्शा पलटने से दिव्यांग की मौत

**मोरना।** मोरना -भोकरहेडी मार्ग पर अचानक ई रिक्शा पलट जाने से उसके नीचे सवारियां दब गई जिनमें एक दिव्यांग व्यक्ति शहजाद भी घायल हो गया। गंभीर हालत में शहजाद को मोरना स्थित नर्सिंग होम ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।शहज़ाद की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी 32 वर्षीय शहजाद पुत्र हनीफ मलिक ई रिक्शा चलाकर परिवार की गुज़र बसर करता था। शनिवार की दोपहर वह मोरना -भोकरहेड़ी मार्ग से गुजर रहा था कि जैसे ही वह गांव छछरौली में पहुंचा तभी अचानक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गयी। ग्रामीणों की सहायता से शहजाद को मोरना स्थित नर्सिंग होम में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे घोषित कर दिया शहजाद की मौत से परिवार में को. हराम मच गया है। शहजाद अपने पीछे दिव्यांग पत्नी खुशनुमा तथा दो पुत्री पांच वर्षीय महक व 12 माह की मासूम अनम को छोड़ गया है शहजाद की मौत के बाद परिवार की आजीविका का संकट गहरा गया है।भाई नफीस व नसीम सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार के लिये मदद की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की वहीं परि. जनों ने घटना को हादसा बताते हुए पुलिस कार्यवाही से इनकार कर दिया।



**मुजफ्फरनगर: रामकुमार ज्वैलर्स के स्थापना दिवस पर ग्राहकों की लगी भीड़।**



**मुजफ्फरनगर: विद्युत समस्याओं को लेकर बैठक में नाराजगी जताते मंत्री कपिल देव।**

# नगर की विद्युत आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कपिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ रोड स्थित फेडरेशन ऑफ मुज़फ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में आयोजित बैठक में प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगर की विद्युत व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक एन. के. मिश्रा, मुख्य अभियंता पवन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुजफ्फरनगर में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई स्वीकार नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु तत्काल प्रभाव से ठोस एवं परिणामकारी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि तीनों सबडिवीजनों को डबल करने की प्रक्रिया, ट्रांसफार्मरों की फेजिंग, जर्जर एवं पुराने तारों का प्रतिस्थापन, ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान तथा आवश्यकतानुसार नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना जैसे कार्य तय समय के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन एवं उद्यमियों को तत्काल राहत मिल सके। इसके साथ ही मंत्री कपिल देव ने अधिक. ारियों को आगामी 6 माह के लिए एक विस्तृत, व्यावहारिक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिसमें दीर्घकालिक सुधार, तकनीकी उन्नयन एवं विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के सभी आवश्यक उपाय शामिल हों। बैठक के दौरान स्थानीय उद्यमियों एवं नगरवासियों द्वारा विद्युत व्यवस्था से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं, जिनमें अनियमित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, अत्यधिक लोड, जर्जर लाइनें तथा ट्रांसफार्मरों की कमी जैसी समस्याएं शामिल रहीं। उन्होंने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर जवाबदेही तय की जाए। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि औद्योगिक विकास को गति देने के साथ-साथ नागरिकों को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु किसी भी स्तर पर लाप. रवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने यह भी निर्देश दिए यदि जेई ने फोन ना उठाया तो उसके विरुद्ध वे स्वयं शासन को पत्र लिखेंगे उन्होंने यह भी कहा कि यह बैठक केवल समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि एक परिणामोन्मुख पहल है, जिसका उद्देश्य नगर की विद्युत व्यवस्था में स्थायी सुधार लाना और जनसामान्य को राहत प्रदान करना है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करें और नियमित रूप से इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर नील कमलपुरी अध्यक्ष, अंकित संगल, राहुल मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अंकुर गर्ग, विपुल भटनागर, रविन्द्र सिंघल, राजेश जैन, अरविन्द गुप्ता, अवनी मित्तल, राकेश जैन, विपल्व जैन, रजनीश त्यागी, राकेश ढींगरा, सुरेंद्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, दिव्यांशु त्यागी आदि गण मै मौजूद रहे।

# रंगरलियां मना रहे युवक को दी तालीबानी सजा

## दो दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, घटना से लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फुगाना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से सवाल उठ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत दिवस कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में देखा। आरोप है कि इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पिटाई से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंचे कुछ लोगों ने घायल को पहले सीएचसी पर पहुंचाया जहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे शामली के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल के सिर व शरीर में गंभीर चोटें हैं और हालत चिंता. जनक बनी हुई है। घटना को दो दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इस मामले में पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी गई है और न ही पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई की है। गांव में तरह तरह की चर्चाएं हैं। कानून को हाथ में लेने की इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

इस संबंध में फुगाना थाना प्रभारी जयवीर सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस टीम को गांव भेजकर जांच कराई जा रही है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# किशोरी से छेड़खानी कर मोबाईल नम्बर मांगने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किशोरी से छेडखानी और उसका नम्बर मांगने के आरोप में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि 22 मई को चरथावल क्षेत्र में एक युवती अपनी दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान नगला राई निवासी वसीम पुत्र भूरा व खालिद यहां पहुंचा और किशोरी के साथ अभद्रता करते हुए उसे मोबाईल नम्बर मांगा आरोपी की हरकत देखकर किशोरी पूरी तरह घबरा गई। किसी तरह उसकी जानकारी किशोरी ने परिवार को दी तो शोर शराबा हुआ जहां युवक को दबोच लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। सीओ सदर डा.रवि शंकर ने इस सम्बन्ध में बताया कि मामले की तहरीर पीडित से ले ली गई है और आरोपी के विरूद्व बी.एन.एस.की धारा 74 व 7/8 पोक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस मामले का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने वीडियो का भी संज्ञान लिया है। पुलिस ने बताया कि किसी को भी अपने हाथ में लेने का अधिकार नही है।

# श्री रामकुमार ज्वैलर्स का स्थापना दिवस आज

**ग्राहकों को मिलेंगे कई आकर्षक उपहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री रामकुमार ज्वैलर्स, नई मंडी अपने स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 24 मई 2026 को तृतीय स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शोरूम में दो दिन, 24 और 25 मई को ग्राहकों के लिए विशेष उपहार और योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**खरीद पर गोल्ड-सिल्वर सिक्के उपहार** स्थापना दिवस उत्सव के दौरान चुनिंदा खरीदारी पर ग्राहकों को गोल्ड और सिल्वर के सिक्के उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं। प्रबंधन ने बताया कि यह ग्राहकों के निरंतर भरोसे के प्रति आभार व्यक्त करने का एक माध्यम है।

**स्वस्ति कलेक्शन लान्च, मेकिंग चार्ज 7 प्रतिशत से शुरू** इस वर्ष शोरूम ने विशेष रूप से स्वस्ति कलेक्शन लान्च किया है। यह कलेक्शन सालभर उपलब्ध रहेगा। इसमें आकर्षक डिज़ाइन की गुणवत्तापूर्ण गोल्ड ज्वैलरी पर मेि. कंग चार्ज केवल 7 प्रतिशत से शुरू किया गया है, ताकि ग्राहकों को किफ़ायती दरों पर बेहतर विकल्प मिल सके।

**पुराने सोने का अपग्रेड योजना** बढ़ती महंगाई और जिम्मेदार खर्च को ध्यान में रखते हुए रामकुमार ज्वैलर्स ने ष्पुराने सोने का अपग्रेड सुविधा शुरू की है। इसके तहत ग्राहक अपने पुराने गोल्ड आभूषण लाकर उन्हें नए-नवीन डिज़ाइन में बदलवा सकते हैं। इसका उद्देश्य नई खरीद से ज्यादा पुराने सोने का सही उपयोग और पुन: इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। **डायरेक्टर पराग गोयल ने कहा** डायरेक्टर पराग गोयल ने कहा, पिछले तीन वर्षों में रामकुमार ज्वैलर्स ने सिर्फ आभूषण नहीं बेचे, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास का रिश्ता बनाया है। तृतीय स्थापना दिवस पर हमारा लक्ष्य हर ग्राहक को गुणवत्ता, डिज़ाइन और जिम्मेदारी-पूर्ण खर्च का संतुलन देना है, ताकि उनकी हर खरीद जीवनभर के लिए सार्थक और मंगलमय बने। उन्होंने सभी ग्राहकों को स्थापना दिवस उत्सव में शामिल होकर विशेष योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

# चेयरमैन ने की ईद उल अजहा को लेकर पालिका तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बकरीद पर स्वच्छता, पेयजल और कुर्बानी के पशुओं के अवशेष निस्तारण के लिए विशेष व्यवस्थाओं के निर्देश

आगामी 28 मई को गुरूवार को ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व शांतिपूर्ण, स्वच्छ और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप ने शनिवार को टाउनहाल स्थित कार्यालय में पालि. का पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह व अधिकारियों एवं सभासदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर पर्व के दौरान नगर में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा इस समीक्षा बैठक में विशेष रूप से शहरी क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों



में कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों के उचित निस्तारण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की विशेष टीमें तैनात की जाएं, ताकि अवशेषों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके और नगर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने सभासदों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे आमजन को खुले में कुर्बानी न करने, पशुओं के अवशेष सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकने तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए जागरूक करें।

बैठक में अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह को निर्देश दिया गया कि वो स्वयं उचित निगरानी करें और सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नगर के विभिन्न इलाकों में पर्याप्त संख्या में वाहन लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे लगातार सफाई व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असु. विधा का सामना न करना पड़े। नगरवा. सियों को निर्बाध स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया।

पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। नगर पालिका परिषद ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्या उत्पन्न होती है तो वे एई जलकल अनुज कुमार से मोबाइल नंबर 8860053096 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतों के लिए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही से मोबाइल नंबर 6306263566 पर संपर्क किया जा सकता है। पालिक. ाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भरोसा दिलाया है कि ईद उल अजहा पर्व को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

बैठक में सभासद शोकत अंसारी, अन्नू कुरैशी, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद शहजाद उर्फ चीकू, उमरद. राज, सभासदपति नदीम, हसीब राणा, अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही, सीएसएफआई योगेश कुमार गोलियान, एसएफआई पलाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, एई जलकल अनुज कुमार, जेई जलकल जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय लिपिक और समस्त सफाई नायक उपस्थित रहे।


**Recruitment For Teaching Staff**

**Required: Assistant Professor For**

- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

**Qualification: As per University/UGC Norms.**

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**

Deoband, Distt., Saharanpur

Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

**Contact No. : 9045143298, 8755525452**

Email Id. idcdeoband@gmail.com

# हीटवेव और जहरीले मांस की मार से संकट में चीलें, मौत

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव का असर अब पशु-पक्षियों पर भी गंभीर रूप से दिखाई देने लगा है। आसमान में मंडराने वाली चीलें इन दिनों लगातार कमजोर होकर जमीन पर गिर रही हैं। स्थानीय पशु प्रेमियों का दावा है कि तेज गर्मी, पानी की कमी और कथित रूप से दूषित अथवा कैमिकल मिले मांस के सेवन के कारण पक्षियों की हालत बिगड़ रही है।

शुक्रवार को खतौली और आसपास के क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक चीलें अलग-अलग स्थानों पर घायल एवं बेहोशी की हालत में मिलीं। कई चीलें उड़ान के दौरान अचानक नीचे गिर गईं। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पक्षियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर के संस्थापक पुनीत अरोरा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल चीलों को उपचार के लिए पशु चिकित्सकों तक पहुंचाया। उपचार के दौरान एक चील की मौत हो गई पुनीत अरोरा ने बताया कि चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में आशंका जताई है कि पक्षियों ने जहरीला या कैमिकल युक्त मांस खाया हो सकता है। उनका आरोप है कि कुछ मांस विक्रेता मुर्गों को जल्दी तैयार करने और वजन बढ़ाने के लिए कैमिकल युक्त इंजेक्शन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका असर उस मांस को खाने वाले पक्षियों और जानवरों पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षण के दौरान एक बीमार चील को भैंस का मांस दिया गया, जिसे उसने नहीं खाया, जबकि मुर्गे का मांस तुरंत खा लिया। इसके बाद चिकन में रसायनों के इस्तेमाल की आशंका और गहरा गई है। पशु प्रेमियों का कहना है कि खुले में फेंका जाने वाला सड़ा और दूषित मांस भी पक्षियों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मृत चील की सूचना विभाग को देने के बावजूद उसका पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और बिना जांच के उसे दफना दिया गया। लोगों ने मांस विक्रेताओं की जांच कराने तथा कैमिकल युक्त मांस बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दायमपुरा में रास्ते को लेकर मारपीटाई

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र मीरापुर के अंतर्गत ग्राम दायमपुरा निवासी यशपाल पुत्र सरजीत के साथ रास्ते में मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने खेत पर पानी देखने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव निवासी बिटू पुत्र अशोक ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बिटू ने अचानक हमला करते हुए यशपाल के सिर पर फावड़े से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी ने लाठी-डंडों से भी उसकी पिटाई की। हमले में यशपाल के सिर में गहरी चोट आई है, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# मीट की दुकान के प्रचार में शिवमूर्ति का प्रदर्शन करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीनाक्षी चौक की मीट की दुकान के प्रचार में शिवमूर्ति का प्रदर्शन करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें एक युवक द्वारा फूड व्लॉगिंग करते हुए शिव चौक स्थित भगवान शिव मंदिर के दृश्य को आपत्तिजनक संदर्भ में प्रदर्शित किया गया।

उक्त वीडियो के प्रसारित होने पर धर्म विशेष के लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होने तथा जनभावनाओं में रोष उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई। प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना खालापार पुलिस द्वारा जांच की गई, जिसमें ज्ञात हुआ कि अनस नामक युवक, जो यूटड्यूब एवं



अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फूड व्लॉगिंग का कार्य करता है, द्वारा अल यामीन होटल (नॉनवेज रेस्टोरेंट) का फूड रिव्यू करते समय उक्त वीडियो बनाई गई थी।

वीडियो में शिव चौक स्थित भगवान शिव मंदिर को अनुचित तरीके से सम्मिलित कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना खालापार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अनस पुत्र सरफराज निवासी लद्दावाला थाना कोतवाली नगर, जनपद मुजफ्फरनगर है।

# शहर में 'महाराणा प्रताप चौराहा' नामकरण को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सविनय निवेदन है कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी भारतीय इतिहास के महान योद्धा, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक रहे हैं। सम्पूर्ण देशवासियों के साथ-साथ मुजफ्फरनगर जनपद के नागरिकों में भी उनके प्रति अत्यंत श्रद्धा एवं सम्मान की भावना है। अतः हम समस्त नगरवासी आपसे निवेदन करते हैं कि मुजफ्फरनगर शहर के किसी प्रमुख चौराहे का नाम ह्महाराणा प्रताप चौराहाह्न रखा जाए तथा वहां महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित कर नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को बढ़ाया जाए।

यह कार्य न केवल युवाओं को राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान की प्रेरणा देगा, बल्कि शहर की पहचान एवं गौरव को भी नई दिशा प्रदान करेगा आज सुभाष चौहान, अमित पुंडीर, अनिरुद्ध सिंह, दिवाकर सोलंकी, दिव्यप्रताप सोलंकी, भूपेंद्र सिंह अभिषेक पुंडीर, अमित पुंडीर, मोहित सोलंकी, शिवकुमार सोलंकी, तहेन्द्र राणा, विशाल पुंडीर, शक्ति सिंह, हर्षित पुंडीर, अमन राणा, अभिषेक सिंह सभी लोग उपस्थित रहे। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

# प्लॉट की दीवार ढहाने और कब्जे की कोशिश का आरोप

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के मोहल्ला लाल मोहम्मद निवासी लख्मीचंद पुत्र चतुरु ने कुछ लोगों पर उसके प्लॉट की दीवार तोड़कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़ित ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। लख्मीचंद के अनुसार सफेद रोड स्थित उसके दो प्लॉट और कृषि भूमि पर निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि शुक्रवार देर रात कुछ लोगों ने ट्रैक्टर लेकर पहुंचकर प्लॉट की दीवार गिरा दी। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोग पहले भी जगत कॉलोनी के पीछे स्थित श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर चुके हैं। इसके अलावा जीटी रोड पर रविदास मंदिर के पास स्थित पंचायती कुएं की जमीन पर भी कब्जे के प्रयास किए जाने की बात कही गई है। लख्मीचंद का कहना है कि आरोपित अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर सार्वजनिक और सामाजिक भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करते रहते हैं और अब उनकी नजर उसकी जमीन पर है। उसने आशंका जताई कि भविष्य में उसकी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा सकता है। थाना समाधान दिवस में दी गई शिकायत में पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# अल्पसंख्यकों की भागीदारी बढ़ाने पर रालोद का जोर, इसराइल बने विधानसभा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** इस्लामाबाद भूड़ में शुक्रवार देर शाम राष्ट्रीय लोकदल की एक सभा आयोजित की गई, जिसमें पार्टी नेताओं ने अल्पसंख्यक समाज से संगठन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सभा में संगठन विस्तार के तहत इसराइल मलिक को खतौली विधानसभा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

सभा के मुख्य अतिथि रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व प्रदेश महामंत्री अजित राठी तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. वसीम त्यागी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजित राठी ने की, जबकि संचालन हस्तिनापुर क्षेत्र अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष वकील मंसूरी ने किया। जिलाध्यक्ष संजय राठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसान, मजदूर और अल्पसंख्यक समाज की आवाज उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का परिवार किसानों और कमजोर वर्गों का हितैषी रहा है तथा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। इस दौरान डॉ. वसीम त्यागी ने इसराइल मलिक को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक समाज को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

सभा का संचालन कर रहे वकील मंसूरी ने कार्यकर्ताओं को केंद्रीय मंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं, सभा के समापन पर पूर्व प्रदेश महामंत्री अजित राठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हमेशा अल्पसंख्यक समाज के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके हितों की रक्षा करती रहेगी। कार्यक्रम में धर्मेंद्र तोमर, काजी फासिह अख्तर, रियाज अहमद, हारून प्रधान, मोहर्रम अब्बासी, शमीम रंगरेज, शकील राणा, जावेद सैफी, शान मोहम्मद, बंटी शर्मा, शादाब कुरैशी, साकिब मिर्जा, सलमान, दिलशाद, नफीस, तोशिफ, वसीम, आबिद और नाजिम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेड़ी गनी में अजान को लेकर ग्रामीण एसडीएम से मिलेंगे

**फुगाना।** ब्लॉक बुढाना क्षेत्र के जाट बाहुल्य गांव खेड़ी गनी में मस्जिद में होने वाली अजान को लेकर मात्र एक ग्रामीण के द्वारा ही विरोध किए जाने का मामला सामने आया है वहीं कुछ ग्रामीणों के अनुसार गांव के अधिकांश लोगों को अजान से कोई भी आपत्ति नहीं है पर एक व्यक्ति के द्वारा ही अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अजान बंद करवाने की मांग की जा रही है। अब इस मामले को लेकर फुगाना पुलिस ने मस्जिद कमेटी से बात की है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हिंदू मुस्लिम समुदाय वर्षो से मिलजुल कर रहता है और सभी त्योहार एक दूसरे के साथ मनाते हैं। सुधीर नाम के एक व्यक्ति ने अकेले ही अजान पर आपत्ति जताते हुए फुगाना थाने में प्रार्थना पत्र दिया हुआ है। गांव के अन्य लोगों का कहना है कि उन्हें अजान से कोई भी दिक्कत नहीं है और यह वर्षो पुरानी परंपरा है। एक व्यक्ति की शिकायत के चलते पूरे गांव का सौहार्द प्रभावित नहीं होना चाहिए। शिकायत मिलने के बाद शनिवार को पुलिस गांव पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार फुगाना पुलिस ने मस्जिद कमेटी से बातचीत कर नियमों के तहत लाउडस्पीकर की आवाज धीमी रखने की बात कही।

# भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अस्पताल पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा 18 मई को रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर एक मिटिग कि थी जिसमें जिला अस्पताल पर चौधरी संजीव तोमर ने गंभीर आरोप लगाए जैसे ये सूचना जिला अस्पताल में तैनात सीएमओ सुनील तेवितिया ने सीएमएस सहित सभी कर्मचारियों कि मिटिग लि और सभी को कड़े दिशा निर्देश भी दिये गये कि भ्रष्टाचार में जो लिप्त पाया गया उस पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई कि जाएगी लेकिन उसके बाद भी किसान सन्तुष्ट नहीं हो पाये और एक निधिरित तारीख में भाकियू (तोमर) एक धरना प्रदर्शन किया गया और तीन घंटे हंगामे के बाद किसानों के बीच सीएमओ और नायाब तहसीलदार पंहुचे और 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया



जिसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा खुली चेतावनी दी गयी थी कि अगर पांच दिन के अंदर समाधान नहीं हो तो संगठन अनिश्चितकालीन कालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा इसलिए कल सीएमओ द्वारा भाकियू (तोमर) के कार्यकारी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी को निवेदन कर बुलवाया गया और संगठन का 11 लोगों का प्रतिनिधि मंडल सीएमओ और सीएमएस से वार्ता चली वार्ता काफी लंबी लगभग घंटों से भी ज्यादा वार्ता चली और जिस तरह 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया था तो सभी मांगों पर चर्चा कि गयी संगठन के तेज तर्रार पश्चिम यूपी प्रदेश अध्यक्ष रिहान तोमर ने सबसे पहले कहा कि धरने को तीन दिन बीत चुके हमारे ज्ञापन में दी गयी समस्याओं का समाधान बताएं सीएमओ ने बताया कि जिला अस्पताल के सभी कैमरे चालू कर दिये गये है।


**चौ. छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

**सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित ''एम.एस.सी. रसायन विज्ञान, एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान, एम.एस.सी. (कृषि) शस्य विज्ञान (एग्रोनोमी), बी.कॉम. तथा बी.सी.ए.'' हेतू सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। योग्यता यू.जी.सी./राज्य सरकार के नियमानुसार होगी। इच्छुक अभ्यार्थी सादे कागज पर फोटो सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में), योग्यता प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि से बाद में अवगत कराया जायेगा।

**(शरद कुमार)** सचिव प्रबन्ध समिति

**(डा. के. पी. सिंह)** प्राचार्य



**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0430/10.03.21 मे गलती से पुत्र का नाम आयान वर्मा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम वरदान वर्मा है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**प्रिंस वर्मा, 32 पुरानी आबकारी**
**जिला मुज़फ्फरनगर**



**Female Staff Required**

**Nawab Azmat Ali Khan Girls Degree College, Muzaffarnagar**

Application are invited staff for the post of lecturer in-
**BSc-** Chemistry, Zoology, Botany, **B.A.** English
**M.A.** Home Science, Drawing & Painting
Apply with resume & recent passport size photograph with hand written Application.
Eligibility:- According UGC Norms

**Contact :-**
Azmat Bagh Arya Samaj Road, Muzaffranagar (U.P.)
M.No. 0131-2622191, 9012846455
naakgirlscollege@gmail.com
**MANAGER**
**(DR NAWAZ DEOBANDI)**
M.: 9319155237



**सूचना**

हमारा पुत्र विकास कुमार आवारा हो गया और गलत आदतों का शिकार है। जिसके सम्बन्ध समाज के अन्य गलत लोगो से है और हमारे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है और काफी वर्षो से उससे हमारा और परिवार का इससे कोई मतलब वास्ता नही है हमने विकास कुमार को अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रखा है। विकास कुमार के किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए हम या हमारे परिवार के अन्य सदस्य जिम्मेदार नही हैं और न ही कभी भविष्य में हमारी चल एवं अचल सम्पत्ति से विकास कुमार का कोई मतलब वास्ता होगा।

**जयपाल सिंह पुत्र**
**स्व. सुखबीर सिंह श्रीमति**
**रोशनी देवी पत्नि जयपाल**
**सिंह निवासीगण ग्राम दूधली**
**परगना व थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

**पत्रांकः-223/ज.क / 2026-27** **दिनांकः-23/05/2026**

## अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के जलकल विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु एक कार्य के लिए अधिकृत कार्यकारी फर्मो से दिनांक 01/06/2026 को सायं 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा ऑनलाईन दिनांक 26/05/2026 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक-01/06/2026 की सायं 03:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती हे। कार्य की धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी तथा निविदा मूल्य का **ड्राफ्ट (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) वाटर सप्लाई एण्ड सीवरेज डिपार्टमेन्ट नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर** के नाम जारी करते हुए अपलोड की गयी एफ.डी.आर. को मूलप्रति के रूप में तकनीकी बिड खोले जाने की नियत दिनांक से एक दिन पूर्व कार्यालय मे उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा कि स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाऐगी। प्राप्त निविदायें दिनांक-01/06/2026 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोली जायेगी। निविदा तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदाये अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी तथा यह भी उल्लेखित है कि किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का समस्त अधिकार मा. अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर में निहित होगा। अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉगईन कर सकते है।

**सहायक अभियंता (जल)** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर


# जमीयत उलमा-ए-हिंद जिला मुजफ्फरनगर की विशेष बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद जिला मुजफ्फरनगर की समस्त यूनिटों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक अंबा विहार स्थित मदीना गार्डन में जिला अध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी की अध्यक्षता एवं मौलाना अब्दुल खालिक क़ासमी के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में आगामी ईद उल अजहा के मद्देनज़र विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, जनजागरूकता एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा सभी यूनिटों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मौलाना मुकर्रम अली क़ासमी ने कहा कि ईद उल अजहा त्याग, बलिदान, भाईचारे और अल्लाह की रज़ा हासिल करने का पर्व है। इस मुबारक मौके पर सभी लोगों को शरीयत और देश के कानून के दायरे में रहकर कुरबानी का कार्य करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कुरबानी करते समय किसी भी प्रकार की फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड न की जाए, क्योंकि इससे समाज में गलत संदेश जाता है और कुछ असामाजिक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वह अपनी धार्मिक जिम्मेदारियों को पूरी संजीदगी और एहतेराम के साथ अंजाम दें तथा पड़ोसियों और अन्य समुदायों की भावनाओं का भी पूरा ध्यान रखें। उन्होंने सभी यूनिटों के पदाधिकारियों से अपील की कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें तथा ईद उल अजहा को अमन, भाईचारे और कानून के पालन के साथ मनाने का संदेश दें।




**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **नमन चौधरी** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **नमन चौधरी** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **नमन चौधरी** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**राजकुमार** पुत्र **रामचन्द्र सिंह**
निवासी- लालबाग गांधी कॉलौनी, थाना नई मन्डी
जिला मुजफ्फरनगर।



**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नजर मौहम्मद (Nazar Mohammad) से बदलकर मौहम्मद नजर (Mohammad Nazar) कर लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना व पुकारा जाये।

**प्रार्थी**
**मौहम्मद नजर पुत्र हासिम**
**निवासी सीकरी**
**मुजफ्फरनगर**



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

**पत्रांकः 526/ सा.प्र./2026-27** **दिनांकः- 22/05/2026**

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना।

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में 02 नग (01 नग नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के गेट नं0-01 पर एवं 01 नग महावीर चौक) पी-6 आउटडोर एल.ई.डी. विडियो वॉल साईज 10.5x12.6 फीट की आपूर्ति एवं संयोजन का कार्य को कराये जाने हेतु व्यापार कर/आयकर / जी.एस.टी. पंजीकृत अनुभवी विक्रेता अथवा निर्माता कम्पनी से ई-निविदा दिनांक 02.06.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 26.05.2026 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 02.06.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। साथ ही निविदादाता को स्वघोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा, यह स्वघोषणा पत्र अंकन रू0 100/- के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है। कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के नाग बन्धक होगी जो निविदा के समय स्कैन की जानी आवश्यक है। तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के पक्ष मे जारी कराते हुए दिनांक 02.06.2026 की प्रातः 10 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग में रखे बॉक्स में जमा किया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक-02.06.2026 को सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को साय 04:00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य पालिका निधि / राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत स्वीकृत है।

**मार्ग प्रकाश प्रभारी** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर

**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर



**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्री राकेश अग्रवाल पुत्र श्री आत्मप्रकाश अग्रवाल, श्रीमती अनिता अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल, श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश अग्रवाल, निवासीगण 53/21, श्रीकृष्ण विहार, जानसठ रोड, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 द्वारा ऑनलाईन मानचित्र पत्रावली सं0-MZDA/BP/24-25/0601 के द्वारा अपनी भूमि मौहल्ला-भरतिया कॉलोनी, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल क्षेत्रफल 275.91 वर्गमी0(कुल नेट क्षेत्रफल 195.90 वर्गमी0) पर "मोटर व्हीकल शोरूम" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल मौहल्ला-भरतिया कॉलोनी, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 30 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त "आवासीय(400 से 750 व्यक्ति/हेक्टेयर)" भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2(मैट्रिक्स) के 2.2 के अनुसार "आवासीय" भू-उपयोग के अन्तर्गत "मोटर व्हीकल शोरूम" की क्रिया सशर्त अनुमन्य उपयोग(न्यूनतम 24 मीटर चौडे मार्ग पर) के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगुलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# बिजली की आंख-मिचौली से जनजीवन बेहाल

■ नौतपा में उपभोक्ता हैं बहुत ही ज्यादा परेशान



**बुढ़ाना।** नौतपा की चिलचिलाती गर्मी और आसमान से बरसती आग के बीच बुढ़ाना कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन में दर्जनों बार ट्रिपिंग और रात में घंटों की अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के खिलाफ भारी रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शेडड्यूल के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे और बुढाना कस्बे को 22 घंटे बिजली देने का दावा किया जाता है पर हकीकत में 12 या 14 घंटे भी सप्लाई नसीब नहीं हो पा रही है। दिन में हर आधे एक घंटे में बिजली गुल हो जाती है। रात 10 बजे के बाद तो हालात और बदतर हो जाते हैं। पूरी पूरी रात लोग छतों पर और बच्चे गर्मी में बिलबिलाते नजर आते हैं। लगातार ट्रिपिंग से इन्वर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। जिन घरों में जनरेटर हैं वहां डीजल का खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि बिजली न आने से फ्रिज व डीप फीजर बंद पड़े हैं। कोल्ड ड्रिंक, दूध-दही व आइसक्रीम का सामान खराब हो रहा है। वहीं ऑनलाइन काम करने वाले युवाओं व छात्रों की पढ़ाई भी चौपट हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने बताया कि टड्यूबवेल के लिए 10 घंटे बिजली का शेडड्यूल है पर 5-6 घंटे भी नहीं मिल पा रही। धान की नर्सरी और गन्ने की फसल पानी के अभाव में पीली पड़ने लगी है। बिजली न आने से नलकूप ठप पड़े हैं और डीजल इंजन से सिंचाई करना किसानों की कमर तोड़ रहा है। इस संबंध में स्थानीय बिजली विभाग के एसडीओ का कहना है कि गर्मी में लोड अचानक बढ़ गया है। ओवर लोडिंग के कारण ट्रिपिंग हो रही है। लोकल फॉल्ट भी ज्यादा आ रहे हैं। स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है। जल्द ही व्यवस्था सुधर जाएगी। वहीं भीषण बिजली संकट से परेशान उपभोक्ताओं ने जनप्रतिनिधियों से समस्या के समाधान की मांग की है। लोगों का कहना है कि बिल तो पूरे महीने का आता है पर बिजली आधी भी नहीं मिल पाती है। कई मोहल्लों की महिलाओं ने बिजलीघर पर प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दे दी है।

# कस्बे में उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे में उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मीरापुर विधानसभा के प्रमुख समाजसेवी अजीम जैदी ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई एक दर्दनाक घटना ने इस कमी को उजागर कर दिया है।

शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला मुश्तर्क निवासी जीशान का 5 वर्षीय पुत्र असजद गली में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए मवाना अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। अजीम जैदी का कहना है कि यदि मीरापुर में ही एक सीएचसी अस्पताल उपलब्ध होता, तो संभवतः बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने बताया कि कस्बे और दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर समुचित चिकित्सा सुविधा न होने के कारण घायलों को दूरस्थ अस्पतालों में ले जाना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता और कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। करीब एक लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र के लिए बना प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। यहां प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी चलती है, जिसमें सैकडो मरीजों का इलाज किया जाता है। लेकिन रात्रि में आपातकालीन सेवाओं का पूरी तरह अभाव है।

अस्पताल में रात के समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता, जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल इलाज नहीं मिल पाता।

## तंबाकू निषेध दिवस पर प्रतियोगिता

**मीरापुर।** बीआईटी कॉलेज में बिश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर साहित्य क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनके द्वारा बनाए गए पोस्टरों में तंबाकू के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील वर्मा, जनरल मैनेजर श्री दुष्यंत, डिप्टी रजिस्ट्रार आदित्य शर्मा एवं नर्सिंग प्राचार्या डॉ. विजया डी. विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन सीएस विभाग की मिस मीनाक्षी एवं एजुकेशन विभाग की सुश्री चित्रलेखा द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी देहात ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था परखी

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में जिला पंचायत की ओर से आयोजित होने वाले ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का शनिवार को एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने निरीक्षण किया। गंगा स्नान मेले को सकुशल व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक ने सीओ देवव्रत वाजपेयी संग शुकतीर्थ में स्नान घाट, बेरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात संचालन, गोताखोरो की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों एवं पुलिस डड्यूटी स्थल आदि का निरीक्षण किया।

सुरक्षा मजबूत बनाने को मेले को तीन सैक्टर में बांटा गया है, प्रत्येक में सेक्टर में मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जा रहे है। गंगा घाट पर चौबीस घंटे नाव में चार गोता खोर तैनात रहेंगे। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि मेला में चारों ओर पुलिस बल तैनात किया गया है। नगरी से बाहर वाहनों की पार्किंग की जा रही है, मुख्य रास्तों में बेरिकेडिग की गई है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि मेले में दो थानाध्यक्ष, नौ इंस्पेक्टर, 44 उप निरीक्षक, नौ महिला उप निरीक्षक, 135 कांस्टेबल, 30 महिला कांस्टेबल, 19 होमगार्ड, 10 ट्रैफिक पुलिस के जवान व एक कंपनी पीएससी बल लगाया गया है। पुलिस चौकी पर कम्युनिकेशन के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। बाइक व ट्रैक्टर तथा बसों की अलग कर पार्किंग की जाएगी, जिसके लिए चार वाहन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इस दौरान श्री गंगा सेवा समिति के महामंत्री महकार सिंह, मैनेजर देवेंद्र आर्य, उप मंत्री सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे। वही, गंगा दशहरा मेले में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है जबकि मुख्य स्नान 25 मई को होगा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिरों के मुख्य द्वार व मेले में जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। महिला स्नान घाट पर महिला पुलिस फोर्स लगाया गया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों ने की डोर टू डोर भवनों की मैपिंग

**बुढ़ाना।** आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान समेत अन्य कई मौहल्लों में जनगणना डड्यूटी में लगे कई स्वास्थ्यकर्मियों ने घर घर जाकर भवनों की मैपिंग व सूचीबद्ध करने का काम शुरु किया। स्वास्थ्यकर्मियों को हाउसहोल्ड लिस्टिंग ऑपरेटर के रुप में तैनात किया गया है। ये कर्मी अपने आवंटित क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर प्रत्येक भवन व परिवार की जानकारी डिजिटल ऐप पर दर्ज कर रहे हैं। मकान का नंबर, परिवार के मुखिया का नाम, सदस्यों की संख्या, मोबाइल नंबर, पेयजल, शौचालय व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का डेटा एकत्र किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार जनगणना 2 चरणों में होगी। पहले चरण में हाउस लिस्टिंग व हाउसिंग सेंसस का काम किया जा रहा है। इसी के तहत भवनों की मैपिंग की जा रही है ताकि कोई भी घर ना छुटे। प्रत्येक घर के बाहर चॉक से एक यूनिक नंबर अंकित किया जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मी एएनएम आशा सोम, रीना रानी व पारुल ने लोगों से अपील की है कि वे टीम के घर पहुंचने पर सही जानकारी दें। ये डेटा सरकार की योजनाओं का आधार बनेगा। उनके पास विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र व ड्यूटी आदेश मौजूद है। सीएचसी प्रभारी डाक्टर प्रणव तेवतिया ने बताया कि समय सीमा में काम पूरा करने के लिए सुपरवाइजर लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं।

### एसपी देहात ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

**बुढ़ाना।** शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर एसपी देहात अक्षय महाडिक अचानक बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे। एसपी देहात अक्षय महाडिक ने समाधान दिवस में पहुंचे सभी फरियादियों से बारी बारी से मुलाकात की। उन्होंने जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े व पुलिस कार्रवाई से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से सुना। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही राजस्व और पुलिस टीम गठित कर निस्तारण के आदेश दिए। इस दौरान कुछ पुराने लंबित मामलों पर एसपी देहात ने नाराजगी जताई। उन्होंने बुढ़ाना पुलिस को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाली हर शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फरियादी को बार बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एसपी देहात ने कहा कि थाना स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो जाए तो जनता का पुलिस पर भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने लेखपाल, कानूनगो और बीट सिपाहियों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा और चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नही होगी।

### रोटरी ने कराया छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुज़फ्फरनगर मिडटाउन द्वारा एक मेडिकल केम्प भगवंती सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, नई मंडी मुजफ्फरनगर में किया गया जिसमे क्लब द्वारा दी गयी बस की सुविधायो का उपयोग करते हुए मुज़फ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स द्वारा लगभग 700 छात्राओं की विभिन्न जाँच की गयी एवं आवश्यकता होने पर दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गयी, इस अवसर पर क्लब द्वारा छात्राओ को सेल्फ हाईजीन पर ज्ञानवर्धक पुस्तिका का वितरण भी किया गया एवं शिक्षिकाओ को इसी विषय पर वीडियो की पेन ड्राइव भी उपलब्ध करवाई गयी एवं तीन बच्चो को साइकिल भी प्रदान की गई, मुख्य अतिथि पीडीजी रो बिंदु सिंह रोटरी पब्लिक इमेज कॉर्डिनेटर रही। कार्यक्रम संयोजक रो शैलेन्द्र शर्मा , रो विनोद वर्मा , सुनील अग्रवाल रो राजीव गुप्ता एवं रहे द्य अध्यक्ष सुशोभ बिंदल, सचिव गौरव गोयल एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल ने मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर्स की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सम्मानित किया, इस अवसर पर रो मनोज गुप्ता , देवेंद्र अरोड़ा, कौशल कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

### बकरीद से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

**छपार।** आगामी बकरीद के त्योहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर छपार पुलिस ने सीओ सदर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। शनिवार को शाम के समय सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा छपार पहुंचे ओर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च हाइवे बाजार से होते हुए अंदर गलियों से होली चौक, गढ़ी बाजार से खिंदडिया मार्ग से वापस पुलिस चौकी पर समाप्त किया गया। सीओ सदर का कहना है कि फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को आगाह किया जा रहा है कि त्योहार को शांतिपूर्ण मनाये। नमाज ईदगाह में अंदर ही पढ़ी जाये। कोई नई परम्परा शुरू न करें। नियम विरुद्ध कार्य किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी उसी के लिए फ्लैग मार्च द्वारा जागरुक किया जा रहा है।

# 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का किया प्रचार



**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल जी के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु योग के प्रचार प्रसार के क्रम में ब्रह्मकुमारीज आश्रम गांधीनगर में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संतुलित आहार विहार व नियमित दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया । योग प्रशिक्षक रवि कुमार के द्वारा साधकों को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। इस शिविर में अनेकों साधकों लाभान्वित किया गया।

# 8 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फुगाना।** पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर 8.202 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ एक युवक को पकडा है। एसएसपी संजय वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत एसपी ग्रामीण अक्षय संजय महाडिक व सीओ फुगाना यतेंद्र सिंह नागर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जयवीर सिंह की टीम ने ये कार्रवाई की। पुलिस टीम मेरठ करनाल हाईवे पर चेकिंग कर रही थी। तब ग्राम हबीबपुर सीकरी मार्ग पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक के एक कट्टे में 8.202 किलो अवैध गांजा मिला। 24 साल के युवक ने अपना नाम नसीम तोतू निवासी ग्राम लोई बताया। युवक शातिर किस्म का है। उसके विरुद्ध फुगाना और बुढ़ाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और गुंडा एक्ट के तहत 8 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने बताया वह मेरठ करनाल हाईवे पर किसी अज्ञात राहगीर से गांजा खरीदता था। फिर उसकी छोटी पुड़िया बनाकर पास के गांवों में नशेडियों को बेंचता था।

अब भी वह गांजा लेकर हबीबपुर सीकरी से अपने गांव जा रहा था। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। टीम मे चौकी इंचार्ज सराय अजीत कुमार, दारोगा कौशेन्द्र तौमर, कांस्टेबल अजय तेवतिया, कांस्टेबल अजय कुमार और कांस्टेबल रामेन्द्र कुमार भी शामिल रहे।

## कीटनाशकों के सैंपल जांच में सही पाए गए

**मंसूरपुर।** किसानों की मांग पर जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने 12 मार्च को मंसूरपुर शुगर मिल के गोदाम से हेक्सा टॉप और नाट्जन नामक कीटनाशकों के सैंपल जांच के लिए भेजे थे। सैंपल की जांच आलमबाग लखनऊ में की गई। जिला कृषि अधिकारी द्वारा सैंपल सही पाए जाने की रिपोर्ट मंसूरपुर शुगर मिल के अधिकारियों को भेज दी है।

# नौतपा की तपिश में भी नहीं थमे डॉ. सत्येंद्र पाल के कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** चिलचिलाती धूप, आसमान से बरसती हुई आग और नौतपा की भीषण गर्मी भी विधानसभा बुढाना क्षेत्र में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल का हौंसले डिगा नहीं पा रही। गले में लाल गमछा डाले, आम जन मानस की तरह वह लगातार गांवों की धूल छान रहे हैं व हर सुख दुख में जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। चाहे किसी के घर शहनाई बज रही हो या किसी परिवार पर दुख का पहाड़ टूटा हो डा. पाल हर जगह परिवार के सदस्य की तरह पहुंच रहे हैं। बुजुर्गो का आशीर्वाद लेना हो युवाओं से संवाद करना हो या महिलाओं की समस्याएं सुनना हो वह बिना किसी भेदभाव के लोगों के बीच मौजूद रहते हैं। गर्मी की परवाह किए बिना खेतों की पगडंडियों से लेकर गांव की चौपाल तक डॉ. पाल का यही सादगी भरा अंदाज लोगों को अपना बना रहा है। लाल गमछा व ठेठ देहाती सहजता के साथ वे जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है उनका बेदाग नेतृत्व और जमीन से जुड़ा व्यक्तित्व ही उन्हें भीड़ से अलग बनाता है।



डॉ. पाल का जनसंपर्क 2027 की नींव रख रहा है। क्षेत्र के गांवों में जाकर वे ना सिर्फ लोगों का हाल जान रहे हैं बल्कि संगठन भी मजबूत कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने बुढ़ाना क्षेत्र के हुसैनपुर कलां समेत अन्य कई गांवों का दौरा किया। जनता के प्रति उनकी ये अटूट निष्ठा व समर्पण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। लोगों का कहना है कि डॉ. का यही बेमिसाल व्यक्तित्व उन्हें सबका प्रिय बना रहा है।

# उकावली मार्ग पर शराब की खुलेआम कालाबाजारी

**बुढ़ाना।** आबकारी विभाग के अफसरों के जीरो टॉलरेंस व कालाबाजारी मुक्त जिला बनाने के दावे उस वक्त खोखले साबित हुए जब बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव चंधेड़ी में शराब की खुलेआम कालाबाजारी का मामला सामने आया। यहां सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक 70 रुपये वाले देशी शराब का पव्वा 100 से 125 रुपये में बेखौफ होकर बेंचा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार चंधेड़ी गांव से बाहर निकलते ही उकावली मार्ग पर स्थित शराब के ठेके के बिल्कुल बराबर में एक कैंटीन है। कैंटीन संचालक ठेके के ठेकेदार से मिलीभगत कर बड़ी संख्या में पव्वे उठाकर अपनी दुकान में स्टॉक कर लेता है। इसके बाद निर्धारित समय से पहले और ठेका बंद होने के बाद भी कैंटीन खोलकर शराब की बिक्री करता है। रात 10 बजे ठेका बंद होने के बाद नशे के आदी लोग मजबूरी में कैंटीन संचालक से मुंह मांगे दाम पर शराब खरीदते हैं। 70 एमआरपी वाले पव्वे के लिए 100 से 125 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। विरोध करने पर संचालक धमकाने से भी बाज नहीं आता। विभाग लगातार छापेमारी कर कालाबाजारी पर रोक लगाने का दावा करता है। जिले में ओवर रेटिंग पर सख्त कार्रवाई की बात कही जाती है पर चंधेड़ी में चल रहे इस खेल ने सब दावों की पोल खोल दी।

# स्नान घाट पर मां गंगा की भव्य आरती के साथ मेले का शुभारंभ



**मोरना।** ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेले का विधिवत शुभारंभ गंगा मैया की भव्य आरती के साथ किया गया।जय जय गंगे हर हर गंगे के जयघोष कर विधि विधान के साथ गंगा माँ की पूजा अर्चना की गयी तथा प्रसाद का वितरण किया गया।आरती में साधु सन्तों,जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों तथा क्षेत्र तथा दूर दराज आये श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे स्नान घाट पर शनिवार की शाम मां गंगा की भव्य आरती की गयी।चार आचार्यो सन्नी शर्मा, हेमन्त शर्मा, सचिन शर्मा, प्रमोद शर्मा द्वारा सुंदर पंच प्रदीप हाथ में लेकर भव्य आरती की गयी। मंत्रोच्चार के बीच आरती के दौरान गंगा मां में चमकती प्रकाश पुंज ने वातावरण को सुंदर बना दिया। श्रद्धालु भक्ति भाव मे डूब गये। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।इसके पूर्व मां की पूजा अर्चना की गयी। दुग्ध, घी,शहद आदि द्वारा पण्डित प्रमोद मिश्रा ने मां गंगा की पूजा सम्पन्न कराई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शुकदेव आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ओमानदं महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, लक्ष्मी निर्वाल, राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, गंगा समिति के महामन्त्री डॉ. महकार सिंह, प्रदीप निर्वाल, सुरेन्द्र सिंह,अक्षय शर्मा,बीके प्रवेश दीदी, बी के प्रियांशी दीदी, राजकुमार प्रधान, विनोद शर्मा,देवेंद्र आर्य, ब्रजवीर सिंह, रामकुमार शर्मा, मनोज कुमार, कँवरपाल नेता, साध्वी पूजा, प्रेम शंकर मिश्रा, विनोद शर्मा,उपनिरीक्षक विवेक चौधरी, मनोज कौशिक आदि उपस्थित रहे।

# थाना समाधान दिवस में गूंजीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली परिसर में आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा, पारिवारिक कलह, आपसी विवाद और महिला उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

एसपी क्राइम ने पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक मामले में पारदर्शिता बनाए रखी जाए, ताकि आमजन का बिश्वास प्रशासन पर कायम रहे।

भूमि विवादों और अवैध कब्जों के मामलों को लेकर उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे विवाद यदि समय रहते नहीं सुलझाए गए तो आगे चलकर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं।

महिला संबंधी मामलों पर एसपी क्राइम ने विशेष सख्ती दिखाते हुए कहा कि महिलाओं की शिकायतों में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ऐसे मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्रवाई करने और शिकायतकर्ताओं से नियमित संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी क्राइम ने महिला पुलिसकर्मियों से एंटी रोमियो अभियान और मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी ली। साथ ही थाना समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण कर शिकायतों के निस्तारण संबंधी अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। एसपी क्राइम के औचक निरीक्षण से थाना परिसर में पूरे समय सक्रियता बनी रही। इस दौरान कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेम और भक्ति के बिना अधूरी है ईश्वर प्राप्ति : नमन कृष्ण महाराज

■ गोपी गीत के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली के बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्तिरस की ऐसी धारा बही कि श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास नमन कृष्ण महाराज ने महारास लीला, गोपी गीत और उद्धव-गोपी संवाद का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए प्रेम और भक्ति को ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग बताया।



कथा व्यास ने कहा कि महारास लीला आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है। गोपियों का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम पूर्ण समर्पण, त्याग और निष्काम भक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब भक्त सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करता है, तो भगवान स्वयं उसके जीवन में उपस्थित हो जाते हैं। गोपी गीत के प्रसंग का वर्णन करते हुए नमन कृष्ण महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण के विरह में व्याकुल गोपियों की पीड़ा और प्रेम ही इस गीत की आत्मा है। यह प्रसंग भक्त और भगवान के बीच अटूट प्रेम और समर्पण का अद्भुत संदेश देता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए और पूरा वातावरण हराधे-श्यामह के जयघोष से गूंज उठा। उद्धव-गोपी संवाद का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने उद्धव को ज्ञान का संदेश लेकर वृंदावन भेजा, तब गोपियों की निष्काम भक्ति के आगे उद्धव का ज्ञान भी छोटा पड़ गया। गोपियों ने स्पष्ट किया कि प्रेम और भक्ति से बढ़कर कोई साधना नहीं है।बउन्होंने श्रद्धालुओं से आ]वान किया कि वे सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर प्रभु भक्ति को अपने जीवन का आधार बनाएं, क्योंकि सच्ची शांति और आनंद केवल ईश्वर प्रेम में ही संभव है। कथा आयोजन में मुख्य आयोजक डॉ. दिनेश चंद्र के साथ डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, रजनीश, बबलू, बिल्लू, प्रवीण प्रधान, कुलदीप त्यागी और निशांक सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी की कर दी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गाव खेडा खुर्तान मे अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने पहले पत्नी पर फावड़े से हमला किया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को जनपद बागपत स्थित ईंट भट्टे पर अंजाम देने के बाद आरोपी शव को गांव लेकर पहुंचा और शव को छिपाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस विभाग मे हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरा. पी पति को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि गांव खेड़ा कुर्तान में एक 35 वर्षीय इशरत नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व सीओ हेमंत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने डॉग स्क्वाड और फारेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य और नमूने एकत्र किए। मृतका के मायके पक्ष ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व इशरत ने आस मोहम्मद पुत्र इशहाक के साथ प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद से ही दोनों के बीच विवाद रहने लगा था। आरोपी शराब पीने का आदी था और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। मायके पक्ष का कहना है कि आरोपी पत्नी को दहेज नहीं लाने का ताना देता था। बाद में मांग के अनुसार दहेज भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना जारी रही। परि. जनों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से इशरत की हत्या की है। मृतका पांच बच्चों की मां थी। घटना के बाद बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आस मोहम्मद अपनी पत्नी के साथ जनपद बागपत में एक ईंट भठे पर काम करता था। वहीं पर पत्नी के अवैध संबंध होने के शक में दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि देर रात आरोपी ने पहले पत्नी पर फावड़े से हमला किया और बाद में फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने अपने एक मित्र को पत्नी की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर बुलाया और शव को गांव खेड़ा कुरतान लेकर पहुंच गया। सुबह गांव में महिला की मौत की सूचना फैलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी ने बताया कि मामले की सूचना जनपद बागपत पुलिस को भी दे दी गई है, ताकि घटनास्थल और वारदात से जुड़े तथ्यों की संयुक्त जांच की जा सके। और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बंदरों के हमले में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी में बंदरों के आतंक ने एक गरीब परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। घर के बाहर गोबर डाल रही महिला पर बंदरों के झुंड ने अचानक हमला बोल दिया। हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि मृतका के परिवार में को. हराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक पर अंकुश लगाने और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



शनिवार को क्षेत्र के गांव रामपुर खेड़ी निवासी पिंकेश (40) पत्नी मिंटू अपने घर के बाहर रोजाना की तरह गोबर डालने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड वहां पहुंच गया। अचानक बंदरों ने महिला को घेर लिया और हमला कर दिया। बंदरों के हमले से महिला बुरी तरह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और किसी तरह बंदरों को भगाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतका के बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी घटना के बाद मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार बंदर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर हमला कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।बताया गया है कि मृतका पिंकेश बेहद गरीब परिवार से थी। उसका पति मिंटू भटे पर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। परिजनों व ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

# शामली को पांच हाईवे से सुसज्जित करने पर विधायक ने सीएम से मिलकर जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शामली जिले को पांच सुपर हाईवे परियोजनाओं से जोड़ने पर जनपदवासियों की ओर से उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि इन हाईवे परियोजनाओं के पूरा होने से जिले में विकास को नई गति मिलेगी तथा व्यापार, रोजगार और यातायात व्यवस्था को बड़ा लाभ पहुंचेगा।



मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के दौरान विधायक अशरफ अली खान ने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने ग्राम मुंडेट खादर में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने का आग्रह किया, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही विधायक ने ग्राम गोगवान जलालपुर में युवाओं के लिए मिनी स्टेडियम के निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाएं विकसित होने से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वहीं ग्राम हरड़ फतेहपुर स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में कृषि एवं अर्थशास्त्र विषय की पढ़ाई शुरू कराने का भी अनुरोध किया गया, जिससे ग्रामीण और किसान परिवारों के छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने विधायक की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द ही आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास और युवाओं के भविष्य को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी स्वीकार नहीं:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिक. ारी आलोक यादव की अध्यक्षता में धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी आलोक यादव ने सभी संबंधित विभागों के अधिक. ारियों को त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ को विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी करने तथा अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी और सभी धार्मिक गति. विधियां निर्धारित नियमों के तहत ही संपन्न होंगी। बैठक में धर्मगुरुओं के सुझावों को सुनते हुए पानी एवं बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर सतर्क निगरानी रखने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई। डीएम और एसपी ने बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं से अपील की कि कुर्बानी केवल निर्धारित स्थानों पर ही की जाए। खुले में कुर्बानी या प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। पशुओं के अवशेषों का उचित निस्तारण करने तथा उन्हें खुले में न फेंकने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान शासन और प्रशासन के निर्देशों का पालन सभी के लिए आवश्यक है। किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# कांग्रेसियों ने जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने, नए राशन कार्ड जारी करने, सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था एवं गरीबों को सरकारी आवास दिलाने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने छह सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा के नेतृत्व में ऊन तहसील पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि धान की रोपाई का समय चल रहा है, लेकिन किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में जनपद की जर्जर सड़कों, जल निकासी एवं सफाई व्यवस्था की समस्याओं को भी उठाया गया। बताया गया कि अधिकांश गांवों की सड़कों पर गंदा पानी भरा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊदपुर से नाईनंगला जाटान तक करीब चार किलोमीटर लंबी सड़क के पिछले दस वर्षों से न बनने का मुद्दा भी उठाया गया। आरोप लगाया गया कि चार वर्ष पहले मंडी समिति द्वारा सड़क उखाड़ दी गई थी, लेकिन अब तक उसका निर्माण नहीं कराया गया। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुबोध कोरी ने ऊन तहसील के आपूर्ति विभाग में कर्मचारियों के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नए राशन कार्ड बनवाने के लिए लोगों को कई बार तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं अनुराग अत्रि ने बिडोली स्थित भगवान परशुराम चौक पर फैली गंदगी एवं अतिक्रमण हटवाने की मांग की। मौके पर देशबंधु बिंदल, अशवनी



शर्मा, सुबोध कोरी, अनुराग अत्रि, अजीत शर्मा, मुकेश कोरी, राजीव कुमार, कामता देवी, नासिर मौजूद रहे।

# अचानक मौसम ने बदला मिजाज, चली आंधी व तेज हवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदलने से तेज आंधी चलने लगी, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी के साथ सड़कों पर धूल का गुबार छा गया, जिसके कारण वाहन चालकों और राहग. ीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों और हाईवे पर गिर गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित रहा।

शनिवार को दोपहर के समय अचानक आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलनी शुरू हो गईं। देखते ही देखते तेज आंधी के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में धूल फैल गई। धूल भरी हवाओं के चलते वाहन चालकों को सामने का रास्ता देखने में परेशानी हुई।

दोपहिया वाहन चालकों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग धूल से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर रुकते दिखाई दिए। तेज आंधी के चलते शहर के कई इलाकों एसटी तिराहा, मुजफ्फरनगर रोड, सहारनपुर रोड, कैराना रोड पर पेड़ों की सूखी टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। वहीं हाईवे और संपर्क मार्गों पर भी पेड़ों की डालियां गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े, जिससे कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई।आंधी के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया। मिठाई दुकानदारों ने सामान को सुरक्षित करने के लिए दुकानों के शटर आंशिक रूप से बंद कर दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज हवाओं के चलते लोग घरों में दुबके रहे। हालांकि कुछ देर बाद मौसम सामान्य हो गया था।

# पति, सास व ससुर पर मारपीट और उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** वैवाहिक विवाद का मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला ने अपने पति, सास व ससुर पर मारपीट, उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र झिंझाना के गांव पंडोरा जहांगीरपुर निवासी महिला ने थाना दिवस में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र जितेंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दीपक कुमार, सास कुसुम व ससुर जितेंद्र द्वारा उसके साथ मारपीट की जाती रही। महिला का आरोप है कि उसके पति द्वारा उसके साथ गलत हरकतें की गईं और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं, पति पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले भी कई स्थानों पर शिकायत दी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षी लगातार उसके कमरे में आने का प्रयास करते हैं और उसका शोषण करने की बातें करते हैं, जिससे उसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है। महिला ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बिना अप्रूवल थानाभवन में अवैध कालो. नियां का चारों तरफ बिछता जा रहा है जाल

**☐ बिन सुविधाओं के ही जनता को दिखाए जा रहे हसीन सपने।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र में अवैध कॉलोनिया विकसित करने का धंधा बेखौफ जारी है उनके खिलाफ जितनी कार्रवाई की गई उससे ज्यादा अवैध काला. ेनी विकसित हो रही है। जिनमे से अधिकतर कॉलोनी कृषि भूमि पर तेजी से प्लॉट काट कर विकसित की जा रही हैं।

नगर पंचायत की अधिकतर कॉलोनियों में पानी, बिजली, सड़क, नाली, जैसी मूलभूत सुविधाओं के बिना ही हसीन सपने दिखाकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। नगर की अधिकतर कॉलोनीयों के पास नगर पंचायत अप्रूवल कागजात भी उपलब्ध नहीं है। उसके बावजूद भी लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज के पास स्थित न्यू टीचर कॉलोनी पर अप्रूवल कॉलोनी लिखकर जनता का बेवकूफ बनाया जा रहा है। शनिवार को न्यू टीचर कॉलोनी के लोग बिजली पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी के पास पहुंचे थे इसके बाद अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने कॉलोनी का मौका मुयायना कर पानी की समस्या को देखते हुए पानी का टैंकर भिजवाया और कॉलोनाइजर को ऑफिस में बुलाकर कागजात पूरे करने तथा लोगों की समस्याओं को हल करने को कहा। तथा उन्होंने कॉलोनी पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी । वहीं दूसरी ओर सहारनपुर दिल्ली रोड पेट्रोल पंप के पास स्थित एक कॉलोनी विकसित की जा रही है जिस पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और कॉलोनी की ओर जाने वाला रास्ता भी कब्रिस्तान की भूमि से होकर अस्थाई बनाया गया था लेकिन अब कॉलोनाइजर उस रास्ते को स्थाई रास्ता बनाने की फिराक में लगे हुए है। लेकिन प्रशासन द्वारा इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने चेतावनी देकर कहां कि सभी कॉलोनाइजर अपने-अपने कॉलोनी के काग. जात पूरे करें तथा कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें कॉलोनी मे लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कांधला थाना समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव एवं पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली कांधला में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए तथा निष्पक्ष ढंग से उसका समाधान किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी आलोक यादव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान दिवस में आने वाले किसी भी फरियादी की शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो। इस अवसर पर एडिशनल एसपी सुमित शुक्ला, एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, क्षेत्राधिकारी कैराना, कोतवाली प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत , कोहराम

**☐ उछलकर विद्युत पोल से टकराया युवक आठ माह पहले हुई थी शादी, हरियाणा से लौट रहे दूसरी बाइक सवार दो युवक गंभीर।**

**कैराना।** भूरा-झिंझाना मार्ग पर नाहिद हसन कॉलोनी के निकट शनिवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि एक बाइक सवार उछलकर सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से जा टकराया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा गंगोह के गांव खानपुर निवासी मुजम्मिल (26) पुत्र इस्लाम अपनी स्प्लेंडर बाइक से कैराना स्थित मोहल्ला आलकला में अपनी ससुराल आ रहा था। शनिवार दोपहर जब वह झिंझाना-भूरा मार्ग पर नाहिद हसन कॉलोनी के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुजम्मिल बाइक से उछलकर पास में लगे विद्युत पोल से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी सीएचसी पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। वहीं युवक की मौत की सूचना पर परि. जनों में कोहराम मच गया। ससुराल पक्ष के लोग भी सीएचसी पहुंच गए और माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि मुजम्मिल की शादी करीब आठ माह पूर्व ही हुई थी और वह अपनी ससुराल आ रहा था। दूसरी बाइक पर सवार फरमान (32)पुत्र इमरान तथा फारियान (22)पुत्र अय्यूब निवासी गांव सलाहपुर, झिंझाना भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि दोनों युवक हरियाणा से अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की



ओर से तहरीर नहीं दी गई है। वहीं मृतक के परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# गेहूं क्रय केन्द्र पर घटतौली मिलने पर डीएम ने केन्द्र प्रभारी को किया निलंबित

**शामली।** जनपद में गेहूं खरीद कार्य में अनियमितता बरतने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बी पैक्स ऊन गेहूं क्रय केंद्र के प्रभारी इरफान को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी शामली के निर्देश पर की गई जांच में घटतौली की शिकायत सही पाए जाने के बाद की गई। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में गेहूं क्रय केंद्र बी पैक्स ऊन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा, एआर कोऑपरेटिव शिवम मलिक, वरिष्ठ निरीक्षक बांट-माप ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी झिंझाना भूपेंद्र कुमार तथा सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मुकेश कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा गेहूं खरीद में घटतौली की शिकायत अधिकारियों के सामने रखी गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए केंद्र पर उपलब्ध इलेक्ट्रानिक कांटे की जांच कराई गई। परीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई और गेहूं तौल में अनियमितता की पुष्टि हुई। मामले को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से केंद्र प्रभारी इरुान को निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार की लापरवाही या धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी खरीद केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसानों को पारदर्शी और निष्पक्ष व्यवस्था का लाभ मिल सके।

# डीएम के आदेशों की उड़ रही धज्जियां कस्बे मे कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल खुले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शामली जिला.धिकारी आलोक यादव के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कस्बे के कुछ निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं संचालित होने का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी और बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक कक्षाओं के सभी स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन कुछ विद्यालय इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं।



कुछ स्कूल प्रबंधन परीक्षा का हवाला देकर बच्चों को विद्यालय बुला रहे हैं। तेज गर्मी के बीच छोटे बच्चों के स्कूल पहुंचने से अभिभावकों में चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन के आदेशों का पालन सभी विद्यालयों को समान रूप से करना चाहिए, लेकिन कुछ स्कूल नियमों को दरकिनार कर अपनी मनमानी चला रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि गर्मी के कारण बच्चों की तबीयत खराब होने का खतरा बना हुआ है।

इसके बावजूद विद्यालयों द्वारा कक्षाएं संचालित किए जाने से परेशानी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी आदेशों की अवहेलना न कर सके। स्थानीय नागरिकों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

## एक नजर

### नर्स से अभद्रता और मारपीट के आरोप में डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के एक निजी अस्पताल में कार्यरत नर्स के साथ अभद्रता और मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुकरहेड़ी निवासी अर्शी ने कोतवाली कैराना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पानीपत रोड स्थित उशमान हॉस्पिटल में पिछले करीब चार माह से नर्स के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर नदीम अक्सर उससे अनुचित तरीके से बात करते थे। 21 मई की शाम करीब 4:10 बजे डॉक्टर ने उससे अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर नदीम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

### मेडिकल स्टोर पर युवक पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम मामौर निवासी रिजवान पुत्र कामिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मई की शाम करीब पांच बजे वह कस्बे के शामली बस स्टैंड के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा खरीद रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही फरमान पुत्र हासिम और अफजाल पुत्र मकसूद वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरा.ध करने पर फरमान ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया, जबकि अफजाल उसे जान से मारने की धमकी देता रहा। पीड़ित के अनुसार आरोपियों के हमले से बचने के लिए उसने शोर मचाया और किसी तरह वहां से निकलकर कोतवाली पहुंच गया। आरोप है कि दोनों आरोपी उसका पीछा करते हुए थाने तक पहुंच गए। रिजवान का कहना है कि यदि वह समय रहते थाने में नहीं पहुंचता तो आरोपी उसकी हत्या कर सकते थे। पीड़ित ने आरोपियों को दबंग प्रवृत्ति का बताते हुए भविष्य में भी जान का खतरा जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरो.पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चाकू दिखाकर अपहरण के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुजफ्फरनगर जनपद के थाना भौंराकला क्षेत्र के गांव मुंडभर निवासी एक व्यक्ति ने आदर्श मंडी थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी 16 मई को सुबह करीब आठ बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि गांव की ही युवती के साथ वह लोटस वैली रेस्टोरेंट के सामने रिक्शे का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान गांव निवासी अन्नु पुत्र बृजपाल वहां पहुंचा और कथित रूप से युवती को चाकू दिखाकर आतंकित करते हुए जबरन बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि आरोपी बाइक को तेज गति से मोड़कर फरार होने लगा, लेकिन कुछ दूरी पर बाइक रास्ते में कटे हुए पेड़ की जड़ से टकराकर गिर गई। इस दौरान युवती ने शोर मचा दिया। राहगीरों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता पक्ष का आरोप है कि आरोपी गांव से ही पीछा कर रहा था तथा उसने फोन पर अपने अन्य साथियों को लोकेशन भी दी थी। मामले में छोटा पुत्र बृजपाल समेत अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मजदूरी मांगने पर की मारपीट

**शामली।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव अलीपुरा निवासी इस्तकार पुत्र गय्यूर व उसके भाई मामूर ने गुलफाम पुत्र अफसार के यहां करीब चार माह पूर्व मजदूरी का कार्य किया था। जिसमें दोनों भाईयों ने भूरा की ट्रालिंया भरी थी। दोनों भाईयों की मजदूरी करीब 30 हजार रूपये बकाया थी, जिसको अफसर ने बाद में देने के लिए कहा था। आरोप है कि गत शुक्रवार देर शाम जब वह दोनों मजदूरी के बकाया रूपये मांगने के लिए तो गुलफाम, रिजवान, शहजाद, फुरकान, काला शादाब, मारूफ ने दोनों भाईयों ने हमला बोल दिया। जिसमें दोनों भाईयों को गंभीर चोटे आई। पीडितों का आरोप है कि उन्होने मामले की सूचना चौसाना चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। घायलों ने अपना जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# नलकूप व ट्रांस्पफार्मर पर चोरों की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले के आदर्श मंडी और बाबरी थाना क्षेत्रों में किसानों के निजी नलकूपों पर रखे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाकर चोरों ने विद्युत सामग्री चोरी कर ली। लगातार हुई इन घटनाओं से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई, जबकि विद्युत विभाग को करीब साढ़े चार लाख रुपये की आर्थिक क्षति पहुंची है। विभाग की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 33/11 केवी उपकेंद्र करौंदा हाथी पर तैनात अवर अभियंता श्रीनिवास ने बताया कि 21 मई की सुबह सूचना मिली थी कि ग्राम सिक्का और कैड़ी के जंगलों में निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मरों से चोरी की घटनाएं हुई हैं। सूचना पर वह संविदाकर्मी राहुल कुमार के साथ मौके पर पहुंचे।

जांच में पता चला कि आदर्श मंडी थाना क्षेत्र में 33/11 केवी उपकेंद्र करौंदा हाथी से पोषित 11 केवी जलालपुर कृषि फीडर के अंतर्गत हरी सिंह पुत्र भगवाना निवासी गायड़ी बन्तीखेड़ा के निजी नलकूप पर स्थापित 25 केवीए ट्रांसफार्मर तथा रामचंद्र पुत्र रघुवीर निवासी बन्तीखेड़ा के नलकूप पर लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर को 20-21 मई की रात चोरों ने निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मरों के अंदर से कॉयल व तेल समेत अन्य विद्युत सामग्री चोरी कर ले गए। मौके पर ट्रांसफार्मरों के खाली टैंक पड़े मिले। इस घटना से विभाग को करीब ढाई लाख रुपये की क्षति हुई है। वहीं बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कैड़ी के जंगल में स्थित स्वर्गीय भंवर सिंह पुत्र रिशाल सिंह निवासी बन्तीखेड़ा के निजी नलकूप पर लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर से भी चोर कॉयल, कोर और तेल चोरी कर ले गए। यहां भी ट्रांसफार्मर का खाली टैंक मौके पर पड़ा मिला। इस चोरी से विद्युत विभाग को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दोनों घटनाओं के चलते संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत विभाग ने दोनों मामलों में विद्युत अधिनियम की धारा 136 के तहत कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण के नाम पर हो रही ठगी

**शामली।** गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के टीकाकरण के नाम पर बढ़ रही साइबर ठगी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साइबर अपराधियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बनकर लोगों से बैंक खाते, ओटीपी, आधार नंबर और अन्य निजी जानकारी हासिल कर आर्थिक ठगी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और मिशन इंद्रधनुष जैसे सरक.ारी टीकाकरण अभियानों के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

ठग फोन कॉल, मैसेज और फर्जी लिंक भेजकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जानकारी के अनुसार साइबर अपराधी आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के परिजनों तक पहुंच बनाते हैं। सरकारी योजना का लाभ दिलाने और धन.राशि उपलब्ध कराने का झांसा देकर फर्जी लिंक भेजे जाते हैं, जिन पर क्लिक करते ही लोगों के साथ बैंकिंग फ्रॉड हो रहा है। इस प्रकार की घटनाओं से खासकर ग्रामीण और अशिक्षित परिवारों में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

# खाना देकर लौट रहा बालक बेहोश होकर नाले में गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला खैलकलां निवासी मुकीम पुत्र मेराज शनिवार दोपहर खुरगान रोड स्थित वेल्डिंग की दुकान पर अपने बड़े भाई के लिए खाना लेकर गया था। बताया गया कि भाई को खाना देने के बाद वह साइकिल से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचानक बेहोश होकर सड़क किनारे गंदे नाले में जा गिरा।नाले में गिरने से बालक को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# केटरिंग संघ की बैठक में मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** करनाल रोड स्थित एमएस फार्म के हॉल में बैंक्वेट, हलवाई एवं कैटरिंग संगठन के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक्वेट मालिक.ों, हलवाइयों और कैटरिंग संचाल.कों ने शादी-विवाह समारोहों में भोजन व्यवस्था के लिए समय सीमा निर्धारित करने पर सहमति जताई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन का समय दोपहर 3:30 बजे तक रहेगा, जबकि रात्रि कार्यक्रमों में भोजन वितरण की समय सीमा रात 12:30 बजे तक निर्धारित की गई है।

# स्कूली वैन व कार की भिड़ंत में बच्चे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के बधेव बाईपास पर सवेरे बच्चों को स्कूल ले जा रही स्कूली वैन में तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण थी कि स्कूली वैन ने कई पलटे खाये और उसमें सवार एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित एक स्कूली टीचर घायल हुआ है। घायलों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अभिभावकों ने वैन चालक पर लापरवाही बरते जाने का आरा.ेप लगाते हुए प्रबंधक के खिलाफ हंगामा किया।



शनिवार सवेरे करीब 7 बजे शहर के सेंट आरसी कांवेट स्कूल की वैन क्षेत्र के गांव लपराना से स्कूल की टीचर पीटीआई पूजा को लेकर क्षेत्र के गांव बधेव पहुंची, जहां से एक ही परिवार के दो सगे भाई बहन कक्षा 6 के विराट देशवाल और छोटी बहन कक्षा 4 की सानवी देशवाल तथा कक्षा 12 की चचेरी बहन दीशा देशवाल को लेकर वापस स्कूल के निकली। बताया जाता है कि जब स्कूली वैन का ड्राईवर अक्षय निवासी भैंसवाल बधेव बाईपास पर पहुंचा तो उसने तेजी से बिना इधर उधर देखे बच्चों से भरी वैन को बाईपास से निकालने का प्रयास किया, लेकिन तभी हरियाणा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने वैन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन हाईवे पर कई पलटे खाते हुए पलट गई। हादसे की सूचना पाकर गांव के दर्जनों लोग मौके पर पहुंची और घायल बच्चों को वैन से निकाल.कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी बच्चों को गंभीर चोटे आने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। वही सूचना पाकर स्कूल प्रबंकधक मीनू संगल भी मौके पर पहुंच गई और बच्चों की जानकारी ली। इस दौरान अभिभावकों ने स्कूल वैन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया। अभिभावकों ने उक्त बताया कि उक्त ड्राईवर 4 से 5 दिन पहले ही उक्त रूट के लिए रखा गया है, जबकि पहले कोई ओर ड्राईवर आता था। शायद उक्त ड्राईवर की दूसरे रूट से शिकायते मिल रही थी। उन्होने स्कूल प्रशासन से मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाइयों की जमानत की थाने से तस्दीक कराकर जा रहे व्यक्ति के ऊपर पेड़ गिरने से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अचानक टूटकर गिरे पेड़ के नीचे दबकर अंजार गंभीर रुप से घायल हो गया। देहरादून अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

शनिवार की दोपहर करीब बारह बजे फुलास अकबरपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अंजार देवबंद कोतवाली से बाइक पर जेल में बंद भाईयों की जमानत की तस्दीक कराकर सहारनपुर जा रहा था। नागल थानाक्षेत्र के सूबरी गांव में पहुंचने पर अचानक स्टेट हाईवे किनारे खड़ा पेड़ टूटकर उसके ऊपर गिर गया। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मद्द से पेड़ के नीचे दबे अंजार को गंभीर घायलावस्था में बाहर निकाला। जिसे सहारनपुर अस्पताल में भेज दिया गया। वहां से नाजुक हालत में उसे



रेफर कर दिया गया। परिजन उसे देहरादून अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान हसनैन गौड ने बताया कि अंजार सहारनपुर जा रहा था। पेड़ के नीचे गिरने से उसका लिवर फट गया। जिस कारण उसकी मौत हुई है।

# आरके पब्लिक स्कूल के बच्चों को वाटर पार्क का कराया भ्रमण

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल के बच्चों को शनिवार को वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने पूल में जमकर मस्ती की और विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। आरके पब्लिक स्कूल प्रांगण में के कक्षा पांच से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए गए टूर में बच्चों ने वाटर राइड्स समेत खेलों का भरपूर आनंद लिया। साथ ही विद्यार्थियों को तनावमुक्त एवं उत्साहित रखने के उद्देश्य से प्रेरणादायक एवं मनोरंजक मूवी भी दिखाई गई। प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का मानसिक एवं शारीरिक विकास भी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के भ्रमण बच्चों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग तथा सकारात्मक सोच को विकसित करते हैं। विद्यालय अध्यक्ष राजेश चौहान व डा. कुलदीप राणा ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवक.ाश की शुभकामनाएं दी और कहा कि बच्चे छुट्टियों का सदुपयोग करें तथा अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ शामिल रहा।

## युवती के साथ छेड़छाड़

**देवबन्द।** बिलासपुर गांव में एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति के मुता.बिक बेटी खेत में जा रही थी। इसी दौरान गांव का युवक बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है, जांच की जा रही

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली पुलिस ने नाबा.लिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी कई दिन से वांछित चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि जनपद बागपत थाना बडौत के बड़कसा गांव निवासी हारिस 16 मार्च को नाबालिग बेटी को ले गया था। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने शुक्रवार को युवती को तलाश कर लिया। जबकि आरोपी फरार हो गया था। शनिवार को आरा.ेपी हारिस को पुलिस ने स्टेट हाईवे स्थित साखन नहर के समीप से गिरफ्तार किया। पूरे मामले की जांच और किशोरी के बयान पर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ाई गई। जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



**सिविल जज (सी0डि0) फास्ट ट्रैक कोर्ट मुजफ्फरनगर।**
समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 कोर्ट मुजफ्फरनगर।**
मूल वाद संख्या 170 सन् 2019
अमित कुमार पुत्र श्री इन्दसैन निवासी ग्राम टण्डेढा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ..........वादी
**बनाम**
रमेश पुत्र श्री खजान सिंह निवासी ग्राम अलमासपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .......विपक्षी
आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप विपक्षी के विरूद्ध वाद अनुबन्ध के विशिष्ट अनुपालन हेतु योजित किया है। आपको इस न्यायालय ने उक्त वाद का आपत्ति प्रस्तुत करने के लिये उपस्थिति होने के लिये दिनांक 27.05.2026 को दिन के प्रात: 10 बजे नियुक्त करके यह समन प्रस्तुत किया जाता है। आप नियत दिनांक को स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार/ अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है, जिसे सम्यक्! अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपस्थिति के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है, वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये नियत है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप पर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नही होगे, तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 19 माह 05 सन् 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया है।
आज्ञा से
सिविल जज सीनियर डिवीजन एफ0टी0सी0 कोर्ट मुजफ्फरनगर।

# रासलीला व कंस वध के प्रसंग का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गीता भवन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन कथाव्यास आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने रासलीला और कंस वध के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। आचार्य विनय प्रकाश तिवारी ने कहा कि गोवर्धन लीला के बाद भगवान श्रीकृष्ण गोपियों के निच्छल प्रेम को पूर्ण करने के लिए शरद ऋतु की रातों में महारास रचाते हैं। इसमें गोपियों का श्रीकृष्ण से मिलन का आध्यात्मिक प्रसंग सुनकर श्रद्धालु झूम उठे।

कंस वध का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि कंस भगवान श्रीकृष्ण और बलराम को मारने के लिए धनुष यज्ञ का आयोजन करता



है और अक्रूर को उन्हें लेने गोकुल भेजता है। कृष्ण और बलराम गोपियों तथा नंद यशोदा को रोता बिलखता छोड़ मथुरा के लिए प्रस्थान करते हैं। रास्ते में यमुना तट पर अक्रूर को भगवान अपने दिव्य चतुर्भुज रूप में दर्शन कराते हैं। शनिवार को कथा के यजमान जितेंद्र बंसल और भोग प्रसाद प्रवीण गोयल सर्राफ ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहे।

## कहासुनी को लेकर युवती एवं महिलाओं के साथ मारपीट

**देवबन्द।** बचीटी गांव में बच्चों की कहासुनी को लेकर युवती और दो महिलाओं के साथ मारपीट की गई। पीड़ित महिला फातमा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। तहरीर में आरोप लगाया कि बच्चों की लड़ाई को लेकर बेटी मुस्ययैदा पडोस में शिकायत लेकर गई थी। वहां आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरु कर दी। शोर की आवाज सुनकर वह जेठानी के साथ बीच बचाव को पहुंची तो उनके साथ भी मारपीट की गई। जिसमें तीनों घायल हो गए।पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही।

# संयम और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: डा. दिव्यांशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को लेकर अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए मौहल्ला चौहानान निवासी एवं करियरविल आईएएस के डायरेक्टर एकेडमिक्स डा. दिव्यांशु वार्ष्णेय ने कहा कि परीक्षा के अंतिम समय में घबराहट नहीं, बल्कि शांत मन, संतुलित तैयारी और आत्मविश्वास ही सफलता दिलाता है।

उन्होंने कहा कि अब नए विषयों को पढ़ने से बचना चाहिए और केवल उन्हीं नोट्स व तथ्यों का पुनरावलोकन करना चाहिए, जिन्हें पहले से तैयार किया गया है। अंतिम समय में नई सामग्री देखने से मानसिक दबाव बढ़ता है और आत्मविश्वास कमजोर होता है। डा. वार्ष्णेय ने अभ्यर्थियों को पर्याप्त नींद लेने, समय पर भोजन करने तथा परीक्षा से एक दिन पहले मानसिक शांति बनाए रखने की सलाह दी। उनका कहना है कि स्वस्थ शरीर और शांत मन ही परीक्षा कक्ष में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा हॉल में प्रश्नपत्र देखकर घबराना नहीं चाहिए।

# दो स्थानों पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो अग्निकांडों में फायर विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा नुकसान टल गया। दोनों घटनाओं में प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। राहत की बात यह रही कि किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई।

पहली घटना 22 मई की रात करीब साढ़े दस बजे थाना सदर बाजार क्षेत्र के अहमद बाग स्थित मकान संख्या 2/1630 में हुई। सूचना के अनुसार मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन अंबाला रोड से फायर टेंडर मौके पर भेजा गया। फायर कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह बुझा दिया। इस घटना में बेड, संदूक, कपड़े, गद्दे, टीवी ट्रॉली, कंबल और रजाई जलकर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि मकान के अन्य हिस्से को सुरक्षित बचा लिया गया। वहीं दूसरी घटना 23 मई की सुबह करीब साढे पांच बजे थाना कोतवाली मंडी क्षेत्र की म्युनिसिपल कॉलोनी, लाल दास बाड़ा रोड स्थित एक मकान में हुई। मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में आग लगने की सूचना पर फायर स्टेशन बेहट रोड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। फायर यूनिट ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया। इस दौरान कपड़े, बर्तन रैक, दरवाजा और कुर्सी आदि सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि शेष मकान को सुरक्षित बचा लिया गया।फायर विभाग के अनुसार दोनों मामलों में आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है।



## जान माल की सुरक्षा की गुहार

**चिलकाना।** पीड़ित युवक ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर अपने पड़ोसी पर जघन्य आरोप लगाते हुए जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना क्षेत्र के गांव नल्हेडा निवासी पीड़ित युवक ने अपने ही पडोस में रहने वाले युवक पर आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी शराब तस्करी, गैंगस्टर, दहेज हत्या व दिनदहाड़े लूट जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त वांछित आरोपी है। जिसके माता, पिता व भाई आज भी दहेज हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। आरोपी को स्थानीय पुलिस व सत्ताधारी नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिससे वह वांछित होने पर भी खुलेआम घूम रहा है। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पूर्व आरा.पी उसकी बहन को बहला फुसलाकर फरार हो गया था।

# विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** क्षेत्र मे बिगडती विद्युत व्यवस्था को लेकर भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ताओ द्वारा स्थानीय उप खंड अधिकारी विद्युत को एक ज्ञापन देकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गयी।

इस अवसर पर बुल्लेशाह शाह ने कहा कि नागल क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते अघोषित बिजली कटौती से किसान, मजदूर और आम जनता बेहाल है। खेती का काम ठप है, घरों में बच्चे-बुजुर्ग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को रोस्टर के अनुसार 18 घंटे बिजली तक नहीं मिल रही। यह सरकार और विद्युत विभाग की नाकामी है। इन सब को लेकर हमारी मांग है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर अनुसार 18 घंटे निर्बाध बिजली तुरंत दी जाए। अघोषित कटौती को तुरंत बंद किया जाए। बार-बार सप्लाई फेल का बहाना बंद हो । किसानों की फसलों के नुकसान की भरपाई की जाए। यदि 7 दिन में बिजली व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी नागल विद्युत उपखंड कार्यालय पर किसानों-मजदूरों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में पहुंची मात्र दो शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित समाधान दिवस में मात्र दो फरियादी चकरोड पर विपक्षी किसान द्वारा कब्जा किये जाने तथा बरसात का पानी खेतों में भर जाने से फसल का नुकसान होने की शिकायत लेकर पहुंचे।

थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह आईपीएस द्वारा पुलिस एवं राजस्व टीम की मौजूदगी में फरियादियों की समस्याओ को ध्यानपूर्वक सुना गया। पहली महिला फरियादी राजेश देवी पत्नी स्व. जयपाल सिंह निवासी ग्राम पटनी ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षी किसानो द्वारा उसके खेत पर जाने वाली चकरोड पर कब्जा कर लिया गया है।

दूसरे फरियादी जयवीर पुत्र सुशील निवासी ग्राम पटनी ने बताया कि बरसात का पानी खेतो में भर जाता है, जिससे फसलों का नुकसान हो रहा है। थाना प्रभारी द्वारा हल्का लेखपाल को मौके पर जाकर निस्तारण कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान एसएसआई राजकुमार चौहान, राजस्व निरीक्षक प्रदीप रो. हिला, क्षेत्रीय लेखपाल सतीश चंद्र, नीरज कुमार, हरिपाल, रो. हताश व नगर पंचायतकर्मी तनवीर अहमद मौजूद रहे।

## दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया की रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** सुशीला अग्रवाल के मरणोपरांत उनके नेत्र दान कर उनके सुपुत्र दीपक अग्रवाल ने दो नेत्रहीनों की अंधेरी दुनिया को रोशनी प्रदान करने का सराहनीय कार्य किया है।

दीपक अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के विधानसभा अध्यक्ष मनोज गोयल के माध्यम से दृष्टि एक प्रयास के अध्यक्ष अमित गर्ग व सचिव गगन गर्ग से सम्पर्क किया, और रोशनी आई बैंक सहारनपुर के अध्यक्ष सूरज जैन, डायरेक्टर डॉ श्वेता व मैनेजर सिया कश्यप ने गंगोह आकर दो नेत्रहीनों को रोशनी प्रदान कराने का पुनीत कार्य कराया।

# सभासदों के साथ चेयरमैन का ईदगाह में निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर नगर पंचायत बेहट अध्यक्ष एवं सभासदों ने ईदगाह का निरीक्षण किया इस दौरान नगरवासियों से नगर पंचायत प्रशासन ने खुले में कुर्बानी ना करने और सड़को पर नमाज न पढ़ने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि 4 दिन बाद ईद उल अजहा (बकरीद)का त्यौहार मनाया जायेगा। कसबे की ईदगाह में सबसे ज्यादा लोग ईद उल अजहा की नमाज अदा करने आते है। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की जाती है। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान ने सभासदों के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के बाद उन्होंने ने कहा कि ईद (बकरीद) के दिन शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी नगरवासियों का कर्तव्य बनता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज न पढ़े और साथ ही निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी करे। कुर्बानी इस तरह करे जिससे अन्य लोगो को परेशानी ना हो। सुर बकरीद के दिन खास ध्यान रखा जाएगा ताकि किसी की भावनाएं आहत ना हो। इस दौरान सभासद मुर्तजा रही सत्य प्रकाश रोहिला, गुल्लू अहमद, जीशान कुरैशी फरहान शाह, बंटी शर्मा, फैसल मिर्जा, अब्दुल मालिक, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक बाबू ओमप्रकाश, तमजीड राव मुरादआदि मौजूद रहे।

# प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

**तीतरों।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल परिसर मे आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आदित्य को प्रथम स्थान के लिए, अभिनव सिरोही को दूसरे, अकदास खान को तीसरे तथा द्रक्षा खान को चौथे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अहमद खान ने कहा कि अंक तालिका तय करती है कि परीक्षा में किस बच्चे ने कितनी मेहनत से पढ़ाई की है। सभी को देश, परिवार और समाज में नाम रोशन करना है तो आधी अधूरी नहीं पूरी तैयारी के साथ मेहनत करनी होगी। कक्षा 12 वी परीक्षा परिणाम के लिए यशिका चौधरी ने विद्यालय टॉप किया। तुलिका चौधरी को दूसरे, नैंसी को तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान अरविन्द कुमार, जल सिंह, नेत्रपाल चौहान, मुजस्सम खान, शकील तोमर, मनोज कुमार, मोहम्मद बिलाल, सोनिका त्यागी, प्रीती चावला, जीशान खान, कार्तिक चौधरी, अनिकेत चौधरी, अर्जुमंद खान, सुमन शर्मा, सुधीर चौधरी, नीदा, नबिया आदि उपस्थित रहे।

# अकीदत के साथ मनाया गुल्लर वाले पीर का उर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में स्थित हजरत अजमत अली शाह उर्फ गुल्लर वाले पीर का सालाना उर्स शुक्रवार रात बड़ी अकीदत, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की और मुल्क की तरक्की, खुशहाली तथा अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं मांगीं।

दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे स्थित बिजलीघर के सामने दरगाह परिसर में असर की नमाज के बाद चादरपोशी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देश में भाईचारा, शांति और



समृद्धि की दुआ की गई। मगरिब की नमाज के बाद अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। ईशा की नमाज के बाद आयोजित महफिल ए कव्वाली उर्स का मुख्य आकर्षण रही। कव्वाल सद्दाम साबरी, तनवीर गंगोही, इकराम साबरी, शाहनवाज साबरी सहित अन्य कलाकारों ने सूफियाना कलाम पेश कर ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक झूमते रहे। कव्वालों ने हजरत अजमत अली शाह की शान में मनकबतें और सूफियाना कलाम पेश कर महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। उर्स में दरगाह के सज्जादानशीं सैयद रियाज हुसैन, कमेटी अध्यक्ष शेख परवेज आलम, सैयद रिजवान हुसैन, बाबा कमाल अली शाह वारसी, शेख अब्दुल सत्तार, पीर मियां, वजू पीरजादा, साबिर खान, समीर खान, कलीम हुसैन, इंतजार हुसैन, इंतखाब हुसैन, मोहम्मद मुस्तकीम, डॉ. मोहम्मद उस्मान, शेख नादिर मामा, फैसल मंसूर, तमजीद अली, रहमान हुसैन, अजीम हुसैन आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

## कुरबानी अहम फरीजा: मौलाना शमशीर



**रामपुर मनिहारान।** जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा कि कोई भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न करे। मदरसा जामिया दावतुल हक मुइनिया के प्रबंधक व जमीयत उलेमा ए हिन्द के जिला उपाध्यक्ष हजरत मौलाना शमशीर कासमी ने ईद उल अजहा के मौके पर अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है जिसको हमारे नबी ने कायम रखा क्योंकि ये अहम फरीजा है। कुर्बानी के लिए नियत का पाक साफ होना जरूरी है। इसलिए कुर्बानी के दौरान ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी को कोई तकलीफ पहुँचे या कुर्बानी में कोई कमी आए। मौलाना शमशीर कासमी ने कहा कि कुर्बानी के मौके पर कोई भी प्रतिबंधित पशु न खरीदे। न ही ऐसे पशु की कुर्बानी करे। जानवर की खरीद फरोख्त और लाने ले जाने के लिए कानून का पालन करें। शरीयत के मुताबिक कुर्बानी करें।पर्दे के एहतमाम करें,साफ सफाई रखें, बचे हुए अवशेष इधर उधर न फेंके बल्कि गड्ढे में दफन करें या नगर पंचायत द्वारा नियुक्त गाड़ी में डालें। कुर्बानी के बाद मांस ढक कर अपने घरों तक पहुंचाएं। किसी भी सूरत में कुर्बानी के फोटो वीडीयो न बनाएं और न सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

# पेडी निकालने को लेकर हुए विवाद में छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है, जिसके तहत पुलिस टीम ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में दो अलग-अलग पक्षों के कुल 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के अंतर्गत आज उपनिरीक्षक अमित सोनी, उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार और कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार की टीम ने ग्राम गंदेवड़ा में मुस्तैदी दिखाते हुए इन उपद्रवियों को दबोचा। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम गंदेवड़ा में श्पार्टी प्रथमश के महमूद, बिलाल, खुशनूद (तीनों पुत्रगण शमशाद) व सिब्बू उर्फ सरफराज पुत्र नौशाद और श्पार्टी द्वितीयश के जैनाब्दीन पुत्र फुरकान व शहनवाज पुत्र इशहाक के बीच आपस में घर के सामने पेडी (गन्ने की फसल का अवशेष/जड़) निकालने को लेकर गंभीर विवाद हो गया था और दोनों पक्ष आपस में आमादा फसाद हो रहे थे, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने की पूर्ण संभावना बनी हुई थी। कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 6 अभियुक्तों को अंतर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत मौके से गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने पूछताछ में अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा कोई कार्य न करने की बात कही है, जिन्हें अब आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



## जानलेवा हमले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पँचकुआ निवासी युवक ने जिम से लौटते समय जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी।

पीड़ित गुरमीत कुमार पुत्र मैनपाल ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि बृहस्पतिवार को देर रात के समय वह जिम से वर्क आउट करके वापस अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में एक बाईक पर सवार तीन युवकों ने पीछे से आकर उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित के सिर पर तमंचा रखकर लाठी डंडों से पीटाई की। पीड़ित का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी ऋतिक कुमार पुत्र प्रवीन कुमार उर्फ बिट्टू निवासी ग्राम पँचकुआ को उसने पहचान लिया।

# खबर का असर- बिजली विभाग की टूटी नींद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** खबर का असर शाहजहांपुर आबादी से सटे खेतों में जर्जर हाइटेंशन विद्युत लाइन लंबे समय से लकड़ी के पोल के सहारे चल रही थी।

ग्राम झरौली निवासी किसान चौधरी प्रदीप सिंह पिछले तीन वर्षों से बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई थी। मामले को शाह टाइम्स द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद आखिरकार बिजली विभाग की नींद टूटी। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर लाइन की मरम्मत, खिंचाई और एंगल लगाकर लकड़ी का पोल हटा दिया। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया, वहीं किसान व



ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। विद्युत विभाग के जेई आनंद प्रकाश ने कहा कि जल्द ही क्षेत्र की अन्य विद्युत लाइनों की समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा।

## दो चोर सामान सहित गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो सोलर प्लेट बरामद कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह व उपनि. रीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में दो शातिर चोरों अंकित पुत्र शिवकुमार व शहजाद पुत्र कल्हन निवासीगण चकहरेटी थाना जनकपुरी को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो सोलर प्लेट बरामद कर ली। दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं जिनके खिलाफ अलग-अलग मामलों में दो-दो मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरा.पियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# ज्ञान सनातन धर्म का मूल आधार: आचार्य विष्णु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम खेड़ा में आयोजित आर्य समाज के वार्षिक उत्सव में मुख्य वक्ता आचार्य विष्णु मित्र ने कहा कि वेद ज्ञान ही सनातन धर्म का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि सृष्टि के प्रारंभ में परमात्मा ने मनुष्य को वेद ज्ञान प्रदान किया, जिससे उसे जीवन जीने की सही दिशा मिली। मनुष्य को कैसे रहना चाहिए, विभिन्न पदार्थों एवं वस्तुओं के नाम क्या हैं, तथा संबंधों और रिश्तों की पहचान कैसे होती है। यह समस्त ज्ञान वेदों में निहित है। सृष्टि से लेकर ब्रह्मांड तक के ज्ञान का भंडार वेद हैं।

आचार्य विष्णु मित्र ने कहा कि वेदों के कारण ही हमारी पहचान बनी है, इसलिए सनातन अर्थात वैदिक धर्म सबसे प्राचीन धर्म है। हमें इसी के अनुसार जीवन यापन करना चाहिए। समय-समय पर अनेक मत-मतांतरों में फंसकर मनुष्य अपने मूल मार्ग से भटक गया है, जिसके कारण आज वह दु:खों का बोझ ढो रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **रामबीर सिंह** और पुत्रवधू **गीता** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**बनारसी पुत्र श्री प्रभु**
निवासी- ग्राम भार दीनदारपुर
पोस्ट नानौता जिला सहारनपुर,
उत्तर प्रदेश।

**कार्यालय सहारनपुर, नगर निगम, सहारनपुर।**

पत्रांक 25 / निविदा / 2026-27 दिनांक 23-05-26

**-: ई - निविदा सूचना :-**

15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 43 कार्य हेतु निविदा वर्ष 2026-27 में नगर निगम सहारनपुर में पंजीकृत एवं उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में जो नगर निगम सहारनपुर में पंजीकरण सीमान्तर्गत अर्ह ठेकेदारो से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत है, दिनांक 22.06.2026 को अपरान्हः 03:00 बजे वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम के अनुसार पर (तकनीकी / वित्तीय) ऑन लाईन के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा शुल्क एवं जमानत राशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही ऑन लाइन के माध्यम जमा की जायेगी। पेन नम्बर, जी०एस०टी०, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, T-6, अन्य दो 10-10रू0 के स्टाम्प व यू०पी० इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि0 तथा निविदा प्रपत्र उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा । न्यूनतम निविदादाता (L1) द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों में से टी -6 व अन्य दो 10-10 रू० के स्टाम्प की मूल प्रति अनुबन्ध से पूर्व जमा करनी अनवार्य है। तकनीकी निविदा में अर्ह पाये जाने वाले ठेकेदारो की ही बिड खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम सहारनपुर में निहित है। विस्तृत शर्ते, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | 25 Date-23-05-26 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 01.06.2026 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 22.06.2026 को अपरान्ह 3 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 23.06.2026 को प्रातः 11:00 बजें |
| Palace of opening of E-bids | Executive Engineer Nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-tender Document Processing fee | As per tender list column no 6 |

नोटः- बिना अग्रिम जमा धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा ।

मुख्य अभियन्ता
सहारनपुर नगर निगम।

# लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

## एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।

लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत द्धकप्तान और



विकेटकीपरऋ, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।

इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

# आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिग में दो ड्रिक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिंग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

### खेल विशेष

### विक्टोरिया म्बोको स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा की म्बाको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया। म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी।19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता।

### आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

**उज्जैन (मध्य प्रदेश), वार्ता।** इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोाणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आर्काण के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**पेरिस, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरु युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन-श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, ए दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे। फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राजील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे। सिगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई। जूनियर कैटेगरी में, माया राज. श्वरन रेवती और अर्णव पाप. रकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज सिगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नजर आएंगे।

# MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

**लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए**

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।

सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले



मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबि. लियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित हैद्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संर्घा कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है,

सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रो. कने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है। दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुक. ाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पांच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है। फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी। वानखेड़े के दर्शक, जो अपनी जबरदस्त ऊर्जा और समर्थन के लिए जाने जाते हैं, सीजन के आखिरी दौर में अपनी खोई हुई प्रतिठा वापस पाने की कोशिश कर रही टीम का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जैसे-जैसे आईपीएल 2026 अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, यह मुकाबला महज एक और लीग मैच से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

# ग्रीको रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज फाइनल में

नई दिल्ली, वार्ता। वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीक. ो-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुंच गए। भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुश्ती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया। 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है। 77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संर्घा किया, लेकिन सेमीफाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुरसोनोव से हार गए।

# दिल्ली व केकेआर के लिए ‘करो या मरो’ का मुकाबला

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोश. नियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है-जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिंसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ जीत भी काफी न हो। जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी ‘नॉकआउट फाइनल’ जैसा ज्यादा लग रहा है। केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है, इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल



के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी ‘स्पिन जोड़ी’-सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहां फेंकी गई हर ‘डॉट बॉल‘ द्धबिना रन वाली गेंद तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृ रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुं. चने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की ‘रन मशीन’-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोा शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का ‘नेट रन रेट’ वाला पेंच।

# एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से हाथ नहीं मिलाया

**आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी**

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में हैदराबाद में हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) मैच के बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एसआरएच के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

मैच के बाद होने वाली पारंपरिक हैंडशेक लाइन में को. हली ने एसआरएच कप्तान पैट कमिस और अभिोक शर्मा से हाथ



मिलाया, लेकिन ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने को. हली से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था, लेकिन कोहली उन्हें छोड़कर आगे बढ़ गए और लाइन में अगले खिलाड़ी से हाथ मिला लिया। आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि दोनों के बीच यह तनातनी किस वजह से हुई। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255/4 का बड़ा स्कोर बनाया था। इसके जवाब में आरसीबी को लीग चरण में टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए कम से कम 166 रन बनाने थे, जबकि अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंचने के लिए 178 रन चाहिए थे। टीम ने दो अंक हासिल करने से ज्यादा प्राथमिकता इस लक्ष्य को दी और 200/4 तक पहुंच गई। पारी की शुरुआत करने उतरे कोहली ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए, इससे पहले कि पावरप्ले के आखिरी ओवर में साकिब हुसैन ने उन्हें आउट कर दिया। अब आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में दूसरे स्थान पर रही गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा।

# सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।

इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाध्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालि. का में आठ अंकों के साथ नौवें



स्थान पर है और प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संर्घा जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।

# विधायक उमर की मांग पर शाहपुर गाड़ा में पुल को मंजूरी

## दस करोड़ की लागत से तैयार होगा 160 मीटर लंबा पुल, कई और सेतु भी कार्ययोजना में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली खान के प्रयास लगातार रंग ला रहे है। बेहट विधानसभा क्षेत्र मे पुलों की मांग के बाद शाहपुर गाड़ा में लगभग 160 मीटर लंबे पुल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। यह पुल करीब 10 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनकर तैयार होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधायक उमर अली खान ने आज शाहपुर गाडा पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह पुल बनने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस पुल की मांग कर रहे थे, जिसे अब मंजूरी मिलने पर लोगों में खुशी का माहौल है। विधायक उमर अली खान ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शाहपुर गाड़ा पुल के अलावा धोलाकुआ सहित अन्य चार अन्य पुलों के प्रस्ताव भी पास हो चुके हैं, जिनका सर्वे कार्य तेजी से चल रहा है। आने वाले समय में इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलने का काम होगा। स्थानीय लोगों ने शाहपुर गाड़ा पुल निर्माण की मंजूरी पर विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इससे गांवों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार और शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि यह परियोजना जल्द शुरू होकर समय पर पूरी की जाएगी, जिससे विकास की रफ्तार और तेज होगी।



वही विधायक उमर अली खान ने वर्ष 2026-27 की कार्ययोजनाओं में कई सेतुओं को सम्मिलित कराया है। जिसमें ग्राम मिर्जापुर से सुंदरपुर के मध्य पड़ने वाले गांव जैतपुर कलां,पठानपुरा, शाहपुर गाडा, ग्राम मदनपुरा में बरसाती नदी पर सेतु निर्माण कार्य, ग्राम गंदेवड, रायपुर, हथिनीकुंड मार्ग से सैयदपुर, गढ़ महमूदपुर, नंगली, लोधी एवं बांस मार्ग को जोड़ने के लिए बूढ़ी यमुना नदी पर सेतु निर्माण कार्य एवं सुरक्षात्मक कार्य, ग्राम अल्लाह बखशपुर से ग्राम मांडूवाला को जोड़ने वाली हिंडन नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण शामिल है।

# अवैध खनन के नौ डम्पर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत बेहट पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने अवैध रूप से उपखनिज का परिवहन कर रहे 09 डम्परों को सीज किया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।



अपर पुलिस महानिदेशक (कानूनव्यवस्था) के निर्देशानुसार अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ 23 और 24 मई को प्रदेशव्यापी सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। थाना बेहट पुलिस ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर विशेष टीमों का गठन किया। प्रभारी निरीक्षक थाना बेहट, जितेन्द्र सिंह दीखित के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमों ने थाना क्षेत्र के स्टोन क्रेशरों, स्क्रीनिंग प्लांटों और यमुना नदी के खनन जोन में छापेमारी की। साथ ही, विभिन्न मार्गों पर बैरियर लगाकर आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान 9 वाहनों को बिना वैध प्रपत्रों और ओवरलोड खनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इस सफल संयुक्त ऑपरेशन में नायब तहसीलदार बेहट भूपेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीखित, उपनिरीक्षक धीरज सिंह, उपनिरीक्षक राजेन्द्र राठी तथा हेड कॉन्स्टेबल गौरव राणा, राहुल राणा, गोविन्द और कॉन्स्टेबल अभिषेक खोखर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# कुंभकर्णी नींद सो रही सरकार: संदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि मध्य पूर्वी एशिया युद्ध की आड़ में पेट्रोलियम पदार्थों में की जा रही है बेतहाशा वृद्धि देश में महंगाई को आसमान पर ले जाएगी और पहले से ही महंगाई से त्रस्त देश के गरीब और मध्यम वर्गीय नागरिकों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी चलाना दूभर हो जाएगा।

संदीप राणा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार को देश के गरीबों और मध्यम वर्गीय परिवारों की स्थिति को ध्यान में रखते अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा की मध्य पूर्वी एशिया



का युद्ध तो पिछले ढाई महीने से चल रहा है और जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस भयावह स्थिति के लिए सरकार को मार्च में ही चेताया था, तो जनहित के मुद्दों पर कभकर्णी नींद में सोने वाली भाजपा सरकार ने इसे कांग्रेस और राहुल जी का दुष्प्रचार बताया था। उन्होंने कहा कि ऐसा क्या हुआ कि चुनावों के रिजल्ट आते ही प्रधानमंत्री मोदी को आर्थिक आपदा दिखाई देने लगी और ऊर्जा उत्पादों के दाम आसमान छूने लगा ?

संदीप राणा ने इस सरकारी लापरवाही बताते हुए कहा कि सरकार ने अगर समय रहते मार्च में ही सकारात्मक व देशहित में फैसले लिए होते, तो इस परिस्थिति को ठीक उसी तरह टाला जा सकता था, जिस तरह 2008 में वैश्विक मंदी के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने उस वैश्विक मंदी के दुष्परिणामों से देश की अर्थ व्यवस्था की रक्षा की थी । उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपने फैसलों पर पुनर्विचार नहीं करती तो कांग्रेस जनहित के इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरकर भाजपा सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

# विधायक आशु मलिक ने उठाया कैंसर का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधायक आशू मलिक ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित याचिका समिति की बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र में कैंसर रोगियों की लगातार बढ रही संख्या का मुद्दा प्रखुता से उठाया। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष एवं अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया कि जल्द ही एक विशेष संयुक्त जांच टीम गठित कर प्रभावित क्षेत्रो जांच करायी जायेगी। इस मामले में सीएमओ सहारपुर को भी तलब किया गया।



- सीएमओ तलब, जल्द गठित होगी विशेष संयुक्त टीम प्रभावित क्षेत्रों का करेगी दौरा

आज लखनउ में विधान भवन में उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित याचिका समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सहारनपुर जनपद में लगातार बढ़ रहे कैंसर के मामलों को लेकर मेरे द्वारा दिए गए अभ्यावेदन पर विस्तार से सुनवाई हुई। विधायक आशू मलिक ने बताया कि पिछले कई वर्षो से मैं लगातार ढमोला, काली एवं आसपास के नदी क्षेत्र के गांवों में बढ़ रही कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का मुद्दा सदन से लेकर शासन तक उठाता आ रहा हूं। क्षेत्र में जिस तरह लगातार कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक विषय है और स्थानीय लोगों में भी इसको लेकर भय और चिंता का माहौल है। समिति के समक्ष विधायक आशू मलिक ने पूरे मामले को विस्तार से रखा और क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित घोष, प्रमुख सचिव श्रीमती रितु माहेश्वरी, डीजी हेल्थ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहारनपुर सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सहारनपुर की इस गंभीर समस्या को समिति द्वारा गहनता से सुना गया और समिति की ओर से भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

विधायक आशू मलिक ने मांग रखी कि सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में स्थायी कैंसर जांच एवं उपचार के लिए ऑन्कोलॉजी विंग और कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज और समय पर जांच की सुविधा मिल सके।

बैठक में अध्यक्ष सतीश महाना एवं अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही एक विशेष संयुक्त जांच टीम गठित कर प्रभावित क्षेत्रों के पानी के सैंपल लिए जाएंगे, लोगों की स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी और पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट याचिका समिति को सौंपी जाएगी।

# 11 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अधिशासी अभियंता (रेड)अविनाश कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकने एवं लाइन लॉस कम करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अंबाला रोड एवं जैन बाग क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया,अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध विद्युत चोरी करते हुए 11 लोगों को पकड़ा गया,जिनके खिलाफ भारतीय विद्युत संहिता-2005 की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अविनाश कुमार ने बताया यह अभियान यू.पी.पी.सी.एल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में चलाया गया। अधिशासी अभियंता (रेड) अविनाश कुमार के नेतृत्व में सहायक अभियंता रोबिन शर्मा, अवर अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता वासु प्रताप सिंह एवं लाइन स्टाफ की टीम ने हाई लॉस फीडरों पर व्यापक जांच की। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई कि ऊर्जा संरक्षण करें एवं बिजली चोरी से बचें।

# किसानों को दें उचित मुआवजा: दहिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** टावर लाईनों के मुआवजे की मांग को लेकर आज प्रभावित किसानों ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य योगेश दहिया के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।




कलैक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपते हुए योगेश दहिया ने कहा कि देहरादून बागपत 440 केवी लाईन 2015 में बनी थी, लेकिन उसका स्थानांतरण और पुर्नस्थापना तीन वर्षो से किया जा रहा है। दो पुराने खंबे हटाकर चार नये खंबे बिछाने व लाईन के तारों को बिछाना है। पिछले तीन वर्षो से राष्ट्रीय राजमार्ग कंपनी, पावरग्रिड, ठेकेदार और उनके गुर्गे किसानों को लालच देकर काम कर रहे है, जबकि मांगने पर किसानों को कागजी सूचना, आंकलन व रकम उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। योगेश दहिया ने कहा कि उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया तो वार्ता हुई। 22 मई को तहसील बुलाया गया, लेकिन वार्ता पूर्ण न होने और सहमति के बिना ही कंपनियों को खेतों में गैर कानूनी रूप से काम करने के मौखिक आदेश दिये गये। जिसके बाद किसानों को उजाडना शुरू कर दिया गया। उन्होंने ज्ञापन में दिये गये बिंदुओं पर मुआवजा, नुकसान और हानि को परिभाषित करते हुए देय मुआवजा एवं वार्षिकी आंकलित कर दिलाने की मांग की। इस दौरान सुशील टांक, मौ.असगर, गुडडू, साजिद, कामिल, मुकम्मिल, फरीद, संदीप, इकराम, रीतू, अंजलि, विशाखा, चमन खातून आदि लोग मौजूद रहे।

# छह हमलावार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में काफी समय से फरार चल रहे 6 शातिर वांछित अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त 2 अदद लाठी-डंडों के साथ गिरफ्तार कर लिया है

थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के तहत, गत 15 अप्रैल को ग्राम कलालहटी में पुश्तैनी जमीन पर कब्जे और ट्यूबवेल का पानी चलाने को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के संबंध में उपनिरीक्षक मशकूर अली की सूचना पर थाना फतेहपुर में विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आज रुड़की रोड से ग्राम रजापुर जाने वाले रास्ते पर हाईवे के पुल के नीचे से वांछित अभियुक्तगण खुर्शेद नौशाद, सलमान हुसैन तनवीर और जुनैद सभी निवास. ीगण ग्राम कलालहटी को घेराबंदी कर दबोच लिया जिन्होंने पूछताछ में पुश्तैनी जमीन के विवाद में दूसरे पक्ष पर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से मारपीट करने की बात कबूल की है।

टीम में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के साथ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा व विजयपाल सिंह, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल शामिल रहे।

# वर्टिकल व्यवस्था देहात फीडरों पर लागू क्यों नहीं ?

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बिजली विभाग ने बड़े दावों और उद्देश्यों के साथ वर्टिकल व्यवस्था 15 नवंबर से लागू की थी। जिसमें कहा गया था कि इससे अधिकारियों की जवाब. देही तय होगी,बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा,लाइन लॉस कम होगा और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत व्यवस्था मिलेगी। लेकिन देहात क्षेत्र के कई फीडरों की स्थिति को देखकर यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यह व्यवस्था वास्तव में वहां लागू हुई भी है या नहीं?

विभाग ने विभिन्न बिजली घरों और फीडरों को वर्टिकल व्यवस्था में शामिल कर अधिकारियों के कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों में फेरबदल किया,लेकिन जिन क्षेत्रों में बिजली चोरी और लाइन लॉस सबसे बड़ी चुनौती माने जाते हैं,वहां आज भी अपेक्षित बदलाव दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सवाल सीधे विभागीय व्यवस्था और उसकी निगरानी पर खड़े हो रहे हैं। शनिवार दिनांक 23 मई-देहात फीडर जैन बाग क्षेत्र की एकता कॉलोनी में हमारे स्तर पर की गई अल-सुबह जी पड़ताल के दौरान कई स्थानों पर कथित रूप से सीधे केबल से बिजली उपयोग किए जाने के लगभग 13 से 14 मामले हमारे समक्ष सामने आए। सवाल यह है की जब देहात क्षेत्र में नियमित जांच और प्रभावी निगरानी हो रही है,तो फिर ऐसी स्थितियां कैसे पैदा हो रही हैं? आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी है? सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वर्टिकल व्यवस्था का मूल आधार ही जवाबदेही तय करना था। यदि किसी क्षेत्र में बिजली चोरी,लाइन लॉस और अव्यवस्था लगातार बनी हुई है, तो क्या संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई? क्या उच्च अधिकारियों ने कभी यह जानने का प्रयास किया कि जिन उद्देश्यों को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी,वे धरातल पर पूरे भी हो रहे हैं या नहीं?देहात क्षेत्र के अधिकतर उपभोक्ताओं का भी यही सवाल है कि जब हाकिम पूरा बिजली फीडर,हकीकत नगर फीडर, आईटीआई फीडर,कैलाशपुर फीडर,मंडी समिति फीडर,अंबा. ला रोड बिजली घर फीडर,नगरीय जैन बाग बिजली फीडर,और अन्य क्षेत्रों में यह नई व्यवस्था लागू की जा सकती है,तो देहात फीडरों को वर्टिकल व्यवस्था से बाहर क्यों रखा गया है?आखिर वह कौन सी बाधा है जो विभाग को इन क्षेत्रों में कठोर और प्रभावी कार्रवाई करने से रोक रही है? विभागीय दावों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती दूरी अब कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत का चर्चा का विषय बनती जा रही है।

# साईकिल से कोर्ट पहुंचे अपर जिला जज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों से पेट्रोल-डीजल बचाने और ईंधन संरक्षण की अपील का असर अब न्यायपालिका में भी देखने को मिल रहा है।

आज न्यायालय परिसर में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला जब अपर जिला जज कक्ष सं. 3 विकास गुप्ता अपने घर ऑफिसर कॉलोनी से न्यायालय परिसर तक की दूरी साइकिल चलाकर पूर्ण की। परिसर में सादगी और पर्यावरण अनुकूल पहल की सराहना वकीलों, कर्मचारियों एवं आमजन द्वारा की जा रही है। न्यायालय परिसर में एक न्यायाधीश का यह कदम साबित करता है कि उच्च पदों पर बैठे लोग देशहित और पर्यावरण के प्रति उतने ही संवे. दनशील हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजनता अनावश्यक रूप से पेट्रोल व डीजल बर्बाद न करने एवं पर्यावरण का प्रदूषण मुक्त कराने के लिये



जागरूक करना है।

# दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

**तीतरों।** बिजली घर पर तैनात पावर कॉरपोरेशन के जेई अवधेश कुमार तथा संविदा कर्मियों ने कस्बे के दो लोगों नामजद सहित कई लोगों पर सरकारी कामकाज में बाधा डालने, उकसाने तथा जान से मारने की धमकी का आरोप लगा तहरीर दी।

तहरीर में बताया गया है कि किसानों के द्वारा धान की फसल लगाए जाने के कारण बिजली की मांग अधिक बढ़ गई है। जिसके कारण बिजली घर पर रखी एक मशीन खराब हो गई है लेकिन इसके बाद भी वह बिजली को काट-काट कर क्षेत्र के लोगों को सप्लाई कर रहे हैं।

# मंत्री जसवंत ने सम्मानित किए मेधावी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री जसवंत सैनी और विशिष्ट अतिथि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई ने यूपी व सीबीएसई बोर्ड के टॉपर्स को सम्मानित किया।

समारोह में राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि मेधावी छात्र ही आगे चलकर राष्ट्र निर्माण करेंगे, वहीं कुलपति प्रो. विमला वाई ने छात्रों को देश का भविष्य बताते हुए उनके उज्ज्वल कल की कामना की।एबीवीपी मेरठ प्रांत के सह संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव ने परिषद को चरित्र और राष्ट्र निर्माण की पाठशाला बताया।इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र कुमार मोल्हू, समाजसेवी नवीन खटाना, सतेंद्र सिंह, विपिन, गौरव चौहान, मयंक शर्मा, अक्षय सैनी, जित. ेंद्र शर्मा, संत प्रकाश, देवांश धीमान, गुरमीत बटार और हरित सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश मंहगाई की मार झेलने को मजबूर: मनीष त्यागी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत सरकार द्वारा लगातार पिछले 10 दिनों से पेट्रोल में और डीजल के दामों में वृद्धि किए जाने पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर हो रही लगातार वृद्धि के कारण देश की आम जनता पर महंगाई की जबरदस्त मार पडने जा रही है और यह महंगाई का कारण केवल भारत सरकार की गलत विदेश नीतियां है।



मनीष त्यागी ने कहा कि हमारा देश हमेशा से गुटनिरपेक्ष देश रहा है और नरेंद्र मोदी एक गुट के साथ जाकर खड़े हो गए है जिस कारण से भारत ने ईरान के साथ युद्ध का विरोध नहीं किया ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध का विरोध न करने के कारण आज देश महंगाई की मार झेलने के लिए मजबूर है आम जनता भारत सरकार और नरेंद्र मोदी की गलतियों का खामियाजा भुगत रही है।

# अफवाहों से बचने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक एवं एंटी रोमियो प्रभारी जितेन्द्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में महिला उप निरीक्षक मनोरमा चौधरी, महिला कांस्टेबल कोमल, मुस्कान, प्रियम ने नगर में आने वाली महिलाओं एवं युवतियों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 चरण 2 के तहत डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया।



सशक्तिकरण एवं सरकार द्वारा चलाई गयी योजनाओ और बच्चो के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमो के बारे मे बताया एवं उनके अधिकारो, सुरक्षा और संरक्षण के बारे मे जागरुक किया गया, साईबर फ्राड एवं साईबर क्राईम के बारे मे भी जागरुक किया गया। सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गयी तथा महिलाओ को हेल्पलाईन नंबर के बारे मे जानक. ारी दी गयी, उनकी समस्याएं को पूछी गयी पम्पलेट वितरित किए गए। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया गया कि अगर उनको कोई परेशान या छेड़छाड़ करता हो या फिर उनकी कोई भी समस्या हो अपने क्षेत्र के थाने मे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए पुलिस शीघ्र ही निस्तारण करेगी।



कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।

## पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

## गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबारी के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की

■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं



योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

# ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

## तेहरान की दो टूक, कहा: हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा



■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा
■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

## चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निकालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

# ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई



■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

## इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा



■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा

जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।

## महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।



फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।

# बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

## इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की



■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है

खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंदरगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल
■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी


**न्यूयॉर्क।** परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनीतिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

## आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

**वाशिंगटन।** ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।



# पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

**मुंबई।** अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

## फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

**मुंबई।** निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

## एक नजर

### हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

**मुंबई।** अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

### बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं।

## ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

## पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुलि. कत एक इंटेंस ट्रेनिग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मजेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

**मुंबई।** द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

## कांस 2026 सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या



**कांस।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।